RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू
smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-196 जयपुर, मंगलवार, 13 जनवरी 2026 मूल्य-4 रूपये

# राजस्थान सरकार ने जारी किया 1 लाख पदों का भर्ती कैलेंडर

## एक साल में होने वाली भर्ती के बारे में पता चलेगा

जयपुर

राजस्थान सरकार ने सालभर में होने वाली एक लाख भर्तियों का कैलेंडर जारी किया है। इसमें पदों की संख्या और किस महीने में कौन सी भर्ती की परीक्षा होगी यह बताया गया है। भर्ती कैलेंडर जारी करते समय सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हमने युवाओं के भविष्य की योजनाओं को आकार देने के लिए आज एक लाख भर्तियों वाला सालभर का भर्ती कैलेंडर जारी किया है।

इससे आपको यह पता लगेगा कि भर्ती की विज्ञप्ति कब निकलेगी, फॉर्म कब भरे जाएंगे, परिणाम कब आएंगे, परिणाम आने के बाद नियुक्ति पत्र आपको कब मिलेंगे। यह पूरी पारदर्शिता के साथ हमने उजागर किया है।



सीएम ने कहा- हम चाहते हैं कि हमारे युवा मेहनत करें, हमारे युवा पढ़ें। वह जो कुछ जीवन में बनना चाहते हैं। वह बनकर दिखाएं। हम इस कैलेंडर से सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा तय समय पर करवाई जाए। सीएम भजनलाल शर्मा रविवार को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### दो साल में 300 पेपर हुए, एक भी लीक नहीं हुआ

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि दो साल पहले जब हमारी सरकार बनी थी, तब हमने शपथ ली थी कि हम युवाओं के सपनों को चूर-चूर नहीं होने देंगे। पिछली सरकार के पेपर लीक के श्राप से प्रदेश को मुक्ति दिलाएंगे। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मुझे गर्व है कि हम संकल्प पर खरे उतर रहे हैं। प्रदेश में पिछले दो साल में 300 पेपर हुए हैं, एक भी लीक नहीं हुआ। हमारी सरकार ने युवाओं के विकास के लिए विशेष कदम उठाएं हैं।

उन्होंने बताया कि विपक्ष के लोगों ने कहा था कि इतनी नौकरी कैसे दे पाओगे। हमने उनसे कहा था कि आप चिंता मत कीजिए। डायरी-पेन हाथ में रखिए, हम पूरा हिसाब देकर चलेंगे। आप देखिए हम युवाओं को कैसे नौकरी देते हैं। पिछले दो सालों मे एक लाख से अधिक नौकरियां दी जा चुकी हैं। वहीं 1.43 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं।

### युवा-रोजगार नीति भी जारी की

सीएम भजनलाल शर्मा ने इस मौके पर राजस्थान युवा नीति-2026 जारी की। इस नीति के तहत शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं के लिए उभरते क्षेत्रों में अवसरों का विस्तार किया जाएगा। साथ ही उनका व्यक्तित्व विकास कर स्थानीय शासन व निर्णय-प्रक्रिया में उनकी भागीदारी भी बढ़ाई जाएगी। राजस्थान रोजगार नीति-2026 के तहत रोजगार और उद्यमशीलता पर केंद्रित बहुआयामी रणनीति के माध्यम से मार्च 2029 तक 15 लाख रोजगार के अवसरों को सुलभ बनाया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का शुभारंभ भी किया गया। योजना के माध्यम से 1 लाख युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण देकर सूक्ष्म उद्यमी के रूप में तैयार किया जाएगा। योजना का पात्र होने के लिए राजस्थान का स्थायी निवासी होना चाहिए और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने सीएमआर में सार्वजनिक क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्रों से बजट पूर्व संवाद किया। सीएम ने कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र है तथा हमारे युवा, देश और प्रदेश के कर्णधार हैं।

# राजस्थान में लगातार दूसरे दिन पारा माइनस में, 6 शहरों में जमी बर्फ

## 10 से ज्यादा शहरों का तापमान 5 डिग्री से नीचे

जयपुर

राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी 10 शहरों में तेज सर्दी का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि, मकर संक्रांति बाद से सर्दी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई है।

वहीं, सोमवार को लगातार दूसरे दिन तापमान माइनस में दर्ज हुआ। 6 शहरों में बर्फ जम गई और 10 से ज्यादा शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ।

हालांकि, दिन में आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने के बाद सर्दी से राहत मिली। सोमवार को दिन में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस त?क बढ़ोतरी हुई।

### माउंट आबू और फतेहपुर में माइनस में तापमान

पिछले 24 घंटे का मौसम देखे तो सीकर, चूरू, जैसलमेर, झुंझुनूं, बीकानेर, गंगानगर, फलोदी जिलों में कई स्थानों पर सुबह बर्फ जम गई। सबसे कम न्यूनतम तापमान सोमवार को माइनस 1 माउंट आबू और माइनस 0.4 फतेहपुर में दर्ज हुआ।



झुंझुनूं, लूणकरणसर, दौसा, करौली, सिरोही, नागौर, गंगानगर, चूरू, जैसलमेर, सीकर, पिलानी, अलवर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

कोहरा कम रहने और आसमान साफ होने से सोमवार को राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में तेज धूप निकली। हवा कमजोर होने और तेज धूप से पाली, जोधपुर, चूरू, गंगानगर, बीकानेर, सीकर, भीलवाड़ा, अलवर, सिरोही, झुंझुनूं, फतेहपुर समेत कई शहरों में अधिकतम तापमान में 3 से लेकर 5 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई।

कल दिन में सबसे ज्यादा सर्द इलाका हनुमानगढ़ रहा, जहां का अधिकतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान पाली में 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### 15 जनवरी से बढ़ेगा न्यूनतम तापमान

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 15 जनवरी से न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होगी, जबकि दिन के तापमान में भी 1 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम के इस बदलाव से सुबह-शाम की गलनभरी सर्दी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।

# अमेरिकी राजदूत बोले- भारत से जरूरी कोई देश नहीं

## कल ट्रेड डील पर बात होगी, अगले साल भारत आ सकते हैं ट्रम्प

नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा जरूरी कोई देश नहीं है। उन्होंने ट्रेड डील को लेकर कहा कि कल यानी मंगलवार को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इसे लेकर फोन पर बात होने वाली है। अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती को असली बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। गोर ने उम्मीद जताई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले एक से दो साल में भारत का दौरा कर सकते हैं। गोर ने 'नमस्ते' के साथ की और कहा कि भारत में अमेरिकी राजदूत होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने भारत को एक असाधारण राष्ट्र बताया और यहां काम करने को सम्मान की बात कहा। गोर ने कहा- यह दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का संगम है।

# चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना बताया

## भारत ने इसे अवैध कब्जा कहा था

बीजिंग

चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के जरिए पाकिस्तान तक सड़क बना रहा है, जो इस इलाके से गुजर रही है।

भारत को इस पर कड़ी आपत्ति है। भारत इस इलाके में किसी भी विदेशी अवैध निर्माण के खिलाफ रहा है। भारत ने 9 जनवरी को भी इस इलाके में चीन के कंट्रोल को अवैध कब्जा बताया था।



चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को कहा कि जिस इलाके को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वह चीन का ही हिस्सा है। अपने इलाके में इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाना चीन का अधिकार है और इस पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता।

पाकिस्तान ने 1948 में शक्सगाम घाटी पर अवैध कब्जा कर लिया था और 1963 में यह इलाका चीन को सौंप दिया था।

माओ निंग ने बताया कि चीन और पाकिस्तान ने 1960 के दशक में सीमा समझौता किया था और दोनों देशों के बीच सीमा तय की गई थी। उन्होंने कहा कि यह फैसला दो संप्रभु देशों ने अपने अधिकारों के तहत किया था।

CPEC को लेकर माओ निंग ने कहा कि यह एक आर्थिक सहयोग परियोजना है, जिसका मकसद लोकल आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना और लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है।

उन्होंने साफ कहा कि चीन-पाक सीमा समझौते और CPEC का कश्मीर मुद्दे पर चीन के रुख से कोई संबंध नहीं है और इस मामले में चीन की स्थिति पहले जैसी ही है।

कश्मीर मुद्दे पर चीन का आधिकारिक रुख यह है कि कश्मीर एक इतिहास से जुड़ा जटिल मुद्दा है, जिसे सीधे तौर पर भारत और पाकिस्तान को आपसी बातचीत और शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहिए।

# केंद्र और चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

## चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट को कांग्रेस नेता की चुनौती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती दी गई है। याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि वह इस कानून की जांच करना चाहती है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका में कहा गया कि यह प्रावधान मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कामकाज से जुड़े मामलों में पूरी जिंदगी के लिए नागरिक और आपराधिक कार्रवाई से बचाव देता है। ऐसी सुरक्षा संविधान बनाने वालों ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी थी। इसलिए संसद ऐसा संरक्षण नहीं दे सकती, जो संविधान में दूसरे बड़े पदों पर बैठे लोगों को नहीं मिला।

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है।

# चाइनीज मांझे से मौत पर अब गैर-इरादतन हत्या का केसः एमपी हाईकोर्ट

## हाईकोर्ट ने कहा- बैन के बावजूद जानलेवा घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण

इंदौर

चाइनीज मांझे से हो रही मौतों को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद लगातार जानलेवा घटनाएं होना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई जरूरी है। कोर्ट ने निर्देश दिए कि चाइनीज मांझे से यदि किसी की मौत होती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति चाइनीज मांझा बेचते या उसका उपयोग करते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सीधे आपराधिक कार्रवाई होगी। साथ ही यदि नाबालिग चाइनीज मांझे का उपयोग करते पकड़े जाते हैं, तो उनके अभिभावकों को जिम्मेदार मानते हुए उनके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### इंदौर में तीन लोगों की गई जान

कोर्ट ने बताया कि इंदौर में बीते कुछ महीनों में चाइनीज मांझे से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई लोग घायल हुए हैं और बड़ी संख्या में पक्षी भी इसकी चपेट में आकर मारे गए हैं। कोर्ट ने कहा कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति है और इस दौरान पतंगबाजी बढ़ जाती है, जिससे प्रतिबंधित मांझे के उपयोग से बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है।

# ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का एक्टिंग प्रेसिडेंट बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट की है। इसमें ट्रम्प की तस्वीर के साथ एक्टिंग प्रेसिडेंट ऑफ वेनेजुएला ( वेनेजुएला का अंतरिम राष्ट्रपति) लिखा है। पोस्ट में जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र है।

इसके अलावा ट्रम्प ने खुद को अमेरिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के तौर पर भी दिखाया है।

# कोटा के होटल में देह व्यापार का खुलासा, 8 युवती और 9 युवकों गिरफ्तार

कोटा

कोटा पुलिस ने देह व्यापार की सूचना के बाद शहर की एक होटल में बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। नयापुरा थाना इलाके में बस स्टैंड के पास स्थित सु श्याम होटल पर सोमवार शाम को करीब 6.30 बजे पुलिस ने दबिश दी। जहां से 8 युवतियों और 9 युवकों को संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया।

ट्रेनी आईपीएस और डीएसपी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के बाद पुलिस की टीम सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर नयापुरा थाने ले गई। स्थानीय लोगों ने होटल मालिक को भी गिरफ्तार करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



ट्रेनी आईपीएस सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने पूरी प्लानिंग के बाद होटल पर रेड मारी।

**इस होटल पर पहले भी हो चुकी कार्रवाई**

उन्होंने बताया कि यह होटल पहले भी पुलिस की कार्रवाई का सामना कर चुका है और पूर्व में भी यहां से महिलाएं पकड़ी जा चुकी है। इसके बावजूद इस होटल में दोबारा इस तरह की गतिविधियां पाए जाने पर सख्त कदम उठाए गए हैं।

श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि अगर पुलिस जांच में अवैध तरीके से प्रॉपर्टी बनाए जाने की पुष्टि होती है, तो उस पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**होटल मे वेश्यावृत्ति से कॉलोनीवासी परेशान**

वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस होटल में लंबे समय से वेश्यावृत्ति का धंधा चल रहा था, जिससे कॉलोनीवासी परेशान थे। लोगों ने आरोप लगाया कि होटल मालिक नरेश ओझा के पास तीन से चार होटल हैं और वह महिलाओं से गलत काम करवाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मन चांसलर से महात्मा मंदिर कनवेंशन सेंटर में की द्विपक्षीय वार्ता, साथ मिलकर पतंग उड़ाई

# भारत-जर्मनी करीबी सहयोगी, भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियांः मोदी

## जर्मन चांसलर मर्ज ने कहा भारत जर्मनी का भरोसेमंद और पसंदीदा साझेदार

अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कनवेंशन सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद पीएम ने कहा- भारत-जर्मनी करीबी सहयोगी हैं। इसीलिए आज भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां हैं। यह जर्मनी के भारत के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता है। भारत और जर्मन नई परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत और जर्मनी हरेक फील्ड में मिलकर काम कर रहे हैं। आज हुए एमओयू से और मजबूती बढ़ेगी। भारत और जर्मनी हरेक फील्ड में मिलकर काम कर रहे हैं। आज हुए एमओयू से और मजबूती बढ़ेगी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि चांसलर मर्ज की ये यात्रा एक विशेष समय पर हो रही है। पिछले वर्ष हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किए और इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष भी मना रहे हैं। भारत-जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं के बीच करीबी सहयोग पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। रक्षा व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए मैं चांसलर मर्ज का आभार व्यक्त करता हूं। रक्षा और सुरक्षा में बढ़ता सहयोग हमारे आपसी भरोसे और साझी सोच का प्रतीक है। बढ़ते व्यापार और निवेश संबंधों ने हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को नई ऊर्जा दी है।





भारत सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर रहा है। भारत और जर्मनी सहमत हैं कि ग्लोबल चुनौतियों से निपटने के लिए ग्लोबल इंस्टीट्यूशन में सुधार बहुत जरूरी है। आज हायर एजुकेशन पर बना रोडमैप शिक्षा के क्षेत्र में हमारी साझेदारी को नई दिशा देगा। मैं जर्मन विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने का आमंत्रण देता हूं।

दोनों नेताओं ने सोमवार सुबह सबसे पहले अहमदाबाद में साबरमती आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी को नमन किया था।

### मर्ज ने लिखा- गांधी के आदर्शों की आज ज्यादा जरूरत


आश्रम का दौरा करने के बाद फ्रेडरिक मर्ज ने गेस्ट बुक ने लिखा- महात्मा गांधी की अहिंसा की अवधारणा, स्वतंत्रता की शक्ति में उनका विश्वास और हरेक व्यक्ति की गरिमा में उनकी आस्था आज भी लोगों को प्रेरित करती है। गांधी के आदर्शों की आज पहले से कहीं ज्यादा आवश्यकता है।

# इसरो का पीएसएलवी-सी 62 रॉकेट रास्ते से भटका, मिशन फेल

## तीसरी स्टेज में गड़बड़ी आई; अन्वेषा सहित 16 सैटेलाइट लेकर गया था

श्रीहरिकोटा

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) का साल 2026 का पहला मिशन 'पीएसएलवी-सी 62' फेल हो गया है। रॉकेट 12 जनवरी को सुबह 10.18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से 16 सैटेलाइट लेकर उड़ा था। ISRO चीफ डॉ. वी नारायणन ने कहा कि रॉकेट लॉन्चिंग के तीसरे चरण में गड़बड़ी आ गई, जिसके कारण वह रास्ता भटक गया।



पिछले साल 18 मई को भी ISRO का PSLV-C61 मिशन तकनीकी खराबी के कारण तीसरी स्टेज में ही फेल हुआ था। इस मिशन में EOS-09 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट को 524 किमी की सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था।

EOS-N1 (अन्वेषा) और 14 सैटेलाइट्स को 512 किलोमीटर की ऊंचाई पर सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट (SSO) में स्थापित किया जाना था।

रॉकेट के चौथे हिस्से (PS4 स्टेज) को दोबारा चालू किया जाना था ताकि इसे वापस धरती की ओर मोड़ा जा सके।

फिर स्पेन के एक स्टार्टअप का 'KID' यानी केस्ट्रल इनिशियल टेक्नोलॉजी डेमोनस्ट्रेटर KID कैप्सूल इससे अलग हो जाता।

# ओपनएआई असली कामकाज से ट्रेंड कर रहा नया एआईमॉडल, नौकरियां जा सकती है

## ऑफिस के काम में इंसानों को पीछे छोड़ देगा एआई

**नई दिल्ली।**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव होने जा रहा है। ये सीधे तौर पर ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों की नौकरियों पर असर डाल कर सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई एक एडवांस सिस्टम तैयार कर रही है। ये ऑफिस के रोजमर्रा के लगभग हर काम को इंसानों से ज्यादा सटीक और बेहतर तरीके से करने में खुद-ब-खुद सक्षम होगा। इस मॉडल को तैयार करने के लिए ओपनएआई इंसानों के असली कामकाज के डेटा का इस्तेमाल कर रहा है। कंपनी ने इसके लिए हैंडशेक एआई कंपनी के साथ पार्टनरशिप की है। इसके तहत अलग-अलग प्रोफेशन के कॉन्ट्रैक्टर्स से उनके पुराने और मौजूदा ऑफिस वर्क का डेटा जुटाया जा रहा है। इससे एआई सीखेगा कि असल दुनिया में टास्क कैसे पूरे किए जाते हैं।जानकारी के अनुसार,ओपनएआई ने कॉन्ट्रैक्टर्स से दो तरह का डेटा मांगा है। पहला टास्क रिक्वेस्ट मैनेजर या सहकर्मी की ओर से दिया गया वह निर्देश जिसमें किसी काम को करने के लिए कहा गया हो। दूसरा टास्क डिलिवरेबल उस निर्देश के जवाब में तैयार किया गया असली काम। इसमें वर्ड फाइल, पीडीएफ, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, एक्सेल शीट या इमेज जैसे असली डॉक्यूमेंट्स शामिल हैं। कंपनी ने कॉन्ट्रैक्टर्स से कहा है कि वे उन जटिल कामों का डेटा दें जिन्हें पूरा करने में घंटों या दिनों का समय लगता है। ओपनएआई यह देखना चाहता है कि उसके ट्रेंड किए गए नए एआई मॉडल्स इंसानों के मुकाबले कितने बेहतर तरीके से काम कर सकते हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि डेटा अपलोड करने से पहले वे प्रोपराइटरी (कंपनी की निजी) और पर्सनली आइडेंटिफिएबल (पहचान बताने वाली) जानकारी को हटा दें।इंसानों से बेहतर तरीके से काम कर सकेगा एआईटेक इंडस्ट्री के कई एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि एआई के बढ़ते इस्तेमाल से वाइट कॉलर जॉब्स (ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारी) के लिए मुश्किल पैदा हो सकती है। ओपनएआई का अंतिम लक्ष्य आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस हासिल करना है। इसका कई सेक्टरों पर असर पड़ सकता है। एआई अब डेटा को इंसानों से ज्यादा तेजी और सटीकता से प्रोसेस कर सकता है। जो लोग एक्सेल शीट मैनेज करने, शेड्यूलिंग करने या डेटा ऑर्गेनाइज करने का काम करते हैं, उनके काम को एआई एजेंट्स पूरी तरह टेकओवर कर सकते हैं। जूनियर डेवलपर्स और बेसिक कंटेंट




राइटर्स के लिए आने वाला समय कठिन हो सकता है। कंपनियां अभी एक सीनियर डेवलपर/राइटर और एआई की मदद से पूरी टीम का काम निकाल रही हैं। आने वाले समय में एआई और बेहतर हो जाएगा।

चैटबॉट्स अब पहले से कहीं ज्यादा इंसानी हो गए हैं। ओपनएआई जिस तरह से रियल-वर्ल्ड डेटा पर ट्रेनिंग दे रहा है, उससे एआई अब कस्टमर की शिकायतों को समझना और उनका समाधान करना सीधे तौर पर सीख जाएगा। कानूनी दस्तावेजों को पढ़ना, उनमें से जरूरी पॉइंट्स निकालना और रिसर्च करना एआई के लिए आसान हो गया है।

# सोनिया गांधी अस्पताल से डिस्चार्ज

## सीने में इन्फेक्शन के बाद हुई थीं भर्ती

**नई दिल्ली ।**

कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उन्हें 5 जनवरी 2026 को सीने में इन्फेक्शन की वजह से ब्रोंकियल अस्थमा बढने के कारण सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि उन्होंने (सोनिया) इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दी और वे ठीक हो गई हैं। उन्हें शाम 5 बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और घर पर आगे का इलाज जारी रखने की सलाह दी गई है।

सोनिया गांधी को 5 जनवरी की रात करीब 10 बजे गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस लेने में थोड़ी दिक्कत हो रही थी। डॉक्टरों ने अपनी जांच में पाया कि उनका ब्रोंकियल अस्थमा हल्का बढ़ गया था।

ठंड के मौसम और प्रदूषण की वजह से अस्थमा बढ़ा है। ऐहतियात के तौर पर उन्हें निगरानी के लिए अस्पताल में रखा गया।6 दिन बाद अस्पताल से लौटीं घर अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर अजय स्वरूप ने बताया कि उन्हें एंटीबायोटिक्स और कई सहायक दवाएं दी जा रही हैं। डिस्चार्ज का फैसला उनकी सेहत में सुधार देखकर लिया जाएगा। सेहत में सुधार के बाद वो रविवार को अपने घर लौटी हैं। इससे पहले कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी को पिछले साल जून में पेट से जुड़ी दिक्कतों की वजह से सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# राजस्थान के फतेहपुर में माइनस 3.4 डिग्री पारा, गाडियों पर बर्फ जमी

## उत्तराखंड में माइनस 22 डिग्री तापमान, 5 जिलों में नदी-झरने जमे; दिल्ली में दो दिन भीषण शीतलहर

**नई दिल्ली/भोपाल।**



पहाड़ों से आ रही सर्द हवाएं मैदानी राज्यों में लोगों को कंपा रही है। राजस्थान और दिल्ली में शनिवार को इस सीजन सबसे ज्यादा सर्दी रिकॉर्ड हुई। राजस्थान के सीकर स्थित फतेहपुर में माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। इसके कारण कई हिस्सों में गाडियों पर बर्फ जम गई। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में शनिवार को तापमान माइनस 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में नदी और झरने जम चुके हैं।कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीनगर में माइनस 5.7 डिग्री पारा रहा। यहां डल लेक सहित कई झीलों में पानी जम गया है। पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 7.8 डिग्री और गुलमर्ग में माइनस 6.8 डिग्री रहा। दिल्ली के सफदरजंग में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह इस सर्दी सीजन में अब तक का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में रविवार और सोमवार को शीतलहर चलने की संभावना है। दिल्ली से सटे पंजाब और हरियाणा के 3 शहरों में तापमान शून्य डिग्री के करीब पहुंच गया। पंजाब के होशियारपुर में न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री और अमृतसर में 1.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 1.6 डिग्री पारा दर्ज हुआ।

# (गिर सोमनाथ) 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंजा सोमनाथ, शौर्य यात्रा में

**गिर सोमनाथ**

. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत भव्य शौर्य यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सोमनाथ के शंख सर्कल पर उपस्थित हजारों लोगों ने 'हर हर महादेव' और 'जय सोमनाथ' के दिव्य जयघोष के साथ प्रधानमंत्री का पुष्पों से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने शंख सर्कल से हमीरसिंह सर्कल तक सड़क पर खड़े विराट जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया। सोमनाथ के इतिहास की यह सबसे बड़ी शौर्य यात्रा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का भी प्रतीक बन गई। रूट पर विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत के रूप में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उप मुख्यमंत्री हर्षभाई संघवी, प्रवक्ता मंत्री जीतू वाघाणी



और शिक्षा मंत्री डॉ. प्रद्युमन वाजा भी मौजूद रहे।

# झारखंड सीएम सोरेन करेंगे यूरोप दौरा, ऑक्सफोर्ड और दावोस में करेंगे शैक्षणिक और आर्थिक चर्चा



**रांची ।**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस महीने के अंत में अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर यूरोप जाएंगे। उनके कार्यक्रम में ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि यह दौरा झारखंड सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ किया जा रहा है। ऑक्सफोर्ड में सोरेन सेंट जॉन्स कॉलेज और ऑल सोल्स कॉलेज सहित कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ संवाद करेंगे। इसके अलावा, वे ब्लावटनिक स्कूल ऑफ गवर्नमेंट में सार्वजनिक नीति और शासन पर चर्चा करेंगे। अधिकारियों का कहना है कि इस दौरे से झारखंड में विकास कार्यक्रमों के लिए नया ब्लूप्रिंट तैयार करने में मदद मिल सकती है। स्विट्जरलैंड में सोरेन दावोस में डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में भाग लेंगे, जहां वैश्विक आर्थिक और नीति निर्धारण से जुड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। इस दौरान झारखंड की सत्तारूढ़ कांग्रेस ने मनरेगा विरोध अभियान शुरू किया।

राज्य कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि 'मनरेगा बचाओ' अभियान के तहत उपवास, जन जागरूकता, नुक्कड़ नाटक और धरना जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कांग्रेस सरकार के नए विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम के विरोध में यह अभियान शुरू किया गया है। इस दौरे से झारखंड सरकार के वैश्विक मंच पर छवि निर्माण और विकास परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयास को बल मिलने की उम्मीद है।

# भारत-जर्मनी रिश्तों को नई रफ्तार देंगे पीएम मोदी और मर्ज, अहमदाबाद में आज होगी मुलाकात

## डिफेंस डील से ग्रीन हाइड्रोजन पर होगा समझौता

**अहमदाबाद।**

वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत और जर्मनी के रिश्तों को नई मजबूती मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज सोमवार को अहमदाबाद में व्यापक और अहम बातचीत करेंगे। इस बातचीत का फोकस व्यापार, निवेश, रक्षा, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर रहेगा। फ्रेडरिक मर्ज की 12-13 जनवरी की भारत यात्रा जर्मन चांसलर बनने के बाद पहली एशिया यात्रा है। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया में हालात बेहद तनावपूर्ण हैं। अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकडने के लिए दिखाई गई सैन्य सख्ती, यूक्रेन युद्ध और वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव जैसे मुद्दे बातचीत के केंद्र में रहने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, मोदी और मर्ज यूक्रेन में शांति की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श कर सकते हैं।

भारत लगातार कूटनीतिक समाधान और संवाद की वकालत करता रहा है, ऐसे में यह मुद्दा अहम माना जा रहा है।बैठक में व्यापार और निवेश पर खास जोर रहेगा। अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत यूरोप के साथ आर्थिक साझेदारी को और गहरा करना चाहता है।

इसी सिलसिले में जर्मनी के साथ आर्थिक सहयोग को रणनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। जर्मनी, यूरोपीय संघ में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2024-25 में भारत-जर्मनी के बीच वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार 51.23 अरब डॉलर तक पहुंच गया।यह भारत के कुल ईयू व्यापार का लगभग 25 प्रतिशत है। सेवा क्षेत्र में भी तेज बढ़त दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-जर्मनी सेवाओं का व्यापार 12.5 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 16.65 अरब डॉलर तक पहुंच गया।निवेश, उद्योग और 'मेक इन इंडियाजर्मनी भारत में नौवां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। अप्रैल 2000 से जून 2025 तक भारत में जर्मनी से कुल 15.40 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। फिलहाल भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां काम कर रही हैं। रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी बातचीत का अहम हिस्सा होगा। निर्यात नियंत्रण नियमों में ढील और तेज मंजूरी प्रक्रिया के बाद जर्मनी से भारत को रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी हुई है। इस बीच कयास लगाए जा रहे हैं

## संक्षिप्त समाचार



### इंस्टाग्राम के 1.75 करोड़ यूजर्स का डेटा लीक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के 1.75 करोड़ से ज्यादा यूजर्स का पर्सनल डेटा लीक हो गया है। ये जानकारी साइबर क्रिमिनल्स के हाथ लग गई है। एंटीवायरस सॉफ्टवेयर फर्म मालवेयरबाइट्स की रिपोर्ट के मुताबिक लीक डेटा में यूजरनेम, घर का पता, फोन नंबर, ईमेल एड्रेस जैसी चीजें शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि ये डेटा डार्क वेब पर बिक रहा है और इससे फिशिंग या अकाउंट हैकिंग जैसे खतरे बढ़ सकते हैं। मालवेयरबाइट्स ने अपने कस्टमर्स को ईमेल में बताया कि ये लीक उनकी रूटीन डार्क वेब स्कैन में पकड़ा गया। ये 2024 में इंस्टाग्राम के एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस, जो ऐप्स को एक-दूसरे से कनेक्ट करता है से जुड़ा है। कंपनी ने कहा कि इस डेटा से साइबर क्रिमिनल्स यूजर्स को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### गांव में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**जयपुर।** जयपुर में एक हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। हेलिकॉप्टर जयपुर से भोपाल (मध्य प्रदेश) जा रहा था। प्राइवेट कंपनी के हेलिकॉप्टर में सवार पायलट और को-पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की जयपुर ग्रामीण के रायसर के पास स्थित वामनवाटी गांव की है। एवन हेलिकॉप्टर कंपनी के डायरेक्टर सोहन सिंह नाथावत ने बताया- हेलिकॉप्टर देहरादून (उत्तराखंड) से शनिवार शाम 4ः30 बजे जयपुर पहुंचा था। इसके बाद हेलिकॉप्टर में फ्यूल रिफ्यूलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। रविवार को मौसम साफ होने के बाद हेलिकॉप्टर ने सुबह 11ः02 बजे जयपुर में चौमूं के मलिकपुर स्थित हेलीपैड से भोपाल के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई।

### उद्धव गुट के पूर्व विधायक ने पार्टी छोड़ी

**मुंबई।** उद्धव गुट के शिवसेना नेता और पूर्व विधायक दगडू सकपाल ने पार्टी छोडक़र एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। यह कदम उन्होंने बीएमसी चुनावों से पहले उठाया है। सकपाल ने रविवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना जॉइन की। इससे पहले गुरुवार को महाराष्ट्र के अंबरनाथ नगर परिषद के 12 निलंबित कांग्रेस पार्षद भाजपा में शामिल हुए थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने भाजपा पर गंदी और सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा जनहित के अहम मुद्दों को सुलझाने में विफल रही है। राज्य में 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होंगे। इनमें मुंबई, पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ शामिल हैं। मतगणना 16 जनवरी को होगी।

### बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त ने बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष से मुलाकात की




**नई दिल्ली ।**

बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त प्रणय कुमार वर्मा ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच आपसी संबंध और सहयोग के मुद्दे पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। उस्मान हादी की हत्या के बाद भड़की हिंसा में 18 दिनों में 6 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। इनमें से दो हत्याएं बीते 24 घंटे में अंजाम दी गई हैं। हैरान करने वाली बात है कि इन हत्याओं के बावजूद बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है।

# देशभर के श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अब 15 जनवरी तक चलेगा

**अहमदाबाद**

7 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से सोमनाथ में 8 से 11 जनवरी के दौरान 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का भव्य आयोजन किया गया। रविवार, 11 जनवरी को प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में कई कार्यक्रम हुए। प्रधानमंत्री ने आज अपने वक्तव्य में भी लोगों की श्रद्धा, आस्था और भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा को ध्यान में रखकर इस आयोजन की अवधि को लेकर ऐसा भाव व्यक्त किया था कि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। राज्य सरकार ने लोगों की भावनाओं और मांगों को ध्यान में रखकर इस पर्व को 15 जनवरी तक बढ़ाने का निर्णय किया है।राज्य सरकार के प्रवक्ता एवं कृषि मंत्री जीतू वाघाणी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरक उपस्थिति में सोमनाथ में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' ऐतिहासिक रूप से मनाया जा रहा है। इस पर्व के तहत प्रधानमंत्री की प्रेरक उपस्थिति में आयोजित 'शौर्य यात्रा' में एक लाख से अधिक लोग शामिल हुए और भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखे। 8 से 11 जनवरी तक जिस प्रकार से कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, उसी शृंखला में अब 15 जनवरी तक इस अटूट श्रद्धा के 1000 वर्षों का उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें देश भर के श्रद्धालु शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी के मार्गदर्शन में राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित समूचे प्रशासन के सफल प्रयासों के कारण ही यह पर्व सफल रहा है। भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं को अनेक परंपरागत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ रोशनी का रोमांच भी देखने को मिलेगा। इस पर्व के अंतर्गत प्रधानमंत्री की गरिमामयी



उपस्थिति में 72 घंटे का अखंड ओंकार नाद, 3000 ड्रोन का मेगा शो और 108 अश्वों की शौर्य यात्रा सहित विभिन्न राज्यों से सोमनाथ पहुंचे

कलाकारों की अनेक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र बनीं। भारतीय संस्कृतिक की धरोहर को पुनःस्थापित करने वाले इस धार्मिक समारोह का देश भर के अधिक से अधिक लोग आनंद ले सकें, इसके लिए राज्य सरकार ने इस पर्व को 15 जनवरी तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# लोंगोवाल नगर परिषद अध्यक्ष परविंदर कौर बरार आप से बर्खास्त

## पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लगे गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।**

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोंगोवाल नगर परिषद की अध्यक्ष परविंदर कौर बरार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। पार्टी ने उनके साथ कमल बरार और करम सिंह बरार को भी तुरंत प्रभाव से प्राइमरी सदस्यता से हटा दिया। आप के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ये सदस्य पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं, जिसके चलते यह कदम उठाया गया।इस बीच, दिल्ली में पार्टी के प्रेसिडेंट सौरभ भारद्वाज ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ नेता प्रतिपक्ष आतिशी के कथित तौर पर एडिटेड वीडियो के मामले में बीजेपी के खिलाफ राजघाट पर विरोध प्रदर्शन किया। जालंधर पुलिस ने इकबाल सिंह की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की, जिसमें सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लिप में आतिशी के खिलाफ अपमानजनक और ईशनिंदा वाले कमेंट होने का आरोप था। हालांकि, 9 जनवरी 2026 की फोरेंसिक रिपोर्ट में कहा गया कि वायरल ऑडियो क्लिप में आतिशी ने गुरु शब्द नहीं बोला था, जिससे वीडियो कथित तौर पर एडिटेड और भड़काऊ प्रतीत हो रहा था।

आप पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा की गई इस कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि आप अपने अनुशासन और पार्टी नीतियों के पालन में सख्त रुख अपनाने के पक्ष में है, और सोशल मीडिया तथा पार्टी विरोधी गतिविधियों पर सख्त नजर रख रही है।

# अतिक्रमण-ट्रैफिक से त्रस्त आजाद चौक के व्यापारियों ने दुकानें बंद रख किया प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट के बाहर किया हनुमान चालीसा पाठ, सौंपा ज्ञापन







स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा


शहर के हृदय स्थल आजाद चौक में बढ़ते अतिक्रमण और चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था के विरोध में सोमवार को स्थानीय व्यापारियों ने अपनी दुकानें दोपहर 1 बजे तक बंद रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। फिर व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आजाद चौक से कलेक्ट्रेट तक पैदल रैली निकाली और जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर गेट के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवैध कब्जों को तुरंत हटाने की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने प्रशासन को बताया कि आजाद चौक में करोड़ों-अरबों रुपये की सरकारी जमीन पर ठेले वालों और केबिन संचालकों ने अवैध कब्जा कर रखा है।

व्यापारियों का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से पार्किंग की जगह पर अवैध केबिन और ठेले लगाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, इन जगहों को अवैध रूप से किराए पर देने और खरीद-फरोख्त करने का काला खेल भी चल रहा है। आजाद चौक में प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी के लिए आते हैं, लेकिन सड़कों पर ठेलों के कब्जे के कारण भीषण जाम लगा रहता है। इससे आम नागरिकों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

निवासियों का कहना है कि इन अवैध गतिविधियों के कारण क्षेत्र में अपराध बढ़ने का अंदेशा है और आम नागरिकों की सुरक्षा ताक पर है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नगर निगम द्वारा पार्किंग के बोर्ड लगाए जाने के बावजूद, राजनीतिक रसूख के चलते इन अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ज्ञापन में आजाद चौक निवासीगण एवं समस्त दुकानदार संघ ने मांग की है कि 45 सालों से जमे अवैध कब्जेधारियों और केबिनों को तुरंत हटाया जाए, आजाद चौक को वन-वे घोषित किया जाए ताकि ट्रैफिक का दबाव कम हो सके। नगर निगम और प्रशासन किसी भी राजनीतिक दबाव में आए बिना आम जनता को राहत दिलाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ और पार्किंग स्थल को मुक्त नहीं कराया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# पिकअप का पहिया फटने से स्विफ्ट कार से भिड़ंत, कोई हताहत नहीं



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** हमीरगढ़ रीको एरिया स्थित बीएसएल लिमिटेड के सामने सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया।चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की ओर आ रही एक पिकअप वाहन का अचानक आगे का पहिया फट गया।पहिया फटते ही चालक ने पूरा जोर लगाकर ब्रेक लगाते हुए वाहन को काबू में करने का प्रयास किया,लेकिन इसी दौरान सामने से जयपुर से उदयपुर की ओर जा रही एक स्विफ्ट कार से पिकअप की भिड़ंत हो गई।हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप चालक द्वारा लगाए गए अचानक ब्रेक के कारण वाहन घूमते हुए उसी दिशा में पलटने जैसी स्थिति में आ गया,जिस दिशा से वह आ रहा था।गनीमत रही कि हादसे के समय दोनों वाहनों में सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई और कोई जनहानि नहीं हुई।सूचना मिलने पर स्वरूपगंज चौकी से कांस्टेबल नाहर सिंह व कांस्टेबल खेमसिंह मौके पर पहुंचे।पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात को व्यवस्थित कर सुचारू रूप से चालू करवाया।घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा,लेकिन पुलिस की सक्रियता से स्थिति जल्द सामान्य हो गई।

# पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे वार्ड 10 के निवासी, विधायक को लिखा पत्र

स्मार्ट हलचल|गंगापुर

रामप्रसाद माली नगर पालिका के वार्ड संख्या 10 में जलदाय विभाग द्वारा समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति नहीं किए जाने से मोहल्लेवासी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय निवासी प्रशांत कसारा ने बताया कि क्षेत्र में पानी की सप्लाई अनियमित है, कई बार तय समय पर पानी नहीं आता और जब आता भी है तो पर्याप्त फोर्स नहीं होने के कारण जरूरत भर पानी नहीं मिल पाता।

पानी की आपूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं होने से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर वार्ड के नागरिकों ने विधायक लादूलाल पिपलिया को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने का निवेदन किया है।

मोहल्लेवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पानी मानव की मूलभूत आवश्यकता है, लेकिन जलदाय विभाग की लापरवाही के कारण आमजन परेशान है। उन्होंने मांग की कि विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नियमित, समयबद्ध एवं पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करे।

निवासियों को उम्मीद है कि विधायक स्तर से हस्तक्षेप होने पर शीघ्र ही समस्या का समाधान होगा।

# मांडल क्षेत्र में 8 वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई, 7 अवैध दुकानें सील की

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** भगवानपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में आज प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विगत 8 वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण के मामले में 7 अवैध दुकानों को सिल किया , यह कार्रवाई ग्राम पंचायत भगवानपुरा के प्रशासक रत्न प्रभा चुंडावत के नेतृत्व में की गई।

प्रशासन द्वारा भगवानपुरा चौराहे पर बनी अवैध दुकानों को अतिक्रमण मुक्त कर ग्राम पंचायत





को सुपुर्द किया गया। इस दौरान मांडल तहसीलदार उत्तमचंद जांगिड़ एवं ग्राम विकास अधिकारी मुकेश गुर्जर मौके पर मौजूद रहे।

अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई में जिन लोगों की दुकानें हटाई गईं, उनके नाम इस प्रकार हैं– मोहम्मद रफीक पिता सरवर मोहम्मद, निवासी सांगानेरी गेट, भीलवाड़ा ,कांता भंडारी पत्नी मदनलाल भंडारी, निवासी भगवानपुरा, मदनलाल पिता लालचंद भंडारी, निवासी भगवानपुरा,महावीर पिता लालचंद भंडारी, निवासी भगवानपुरा ,भारती पत्नी नंदलाल भंडारी, निवासी भगवानपुरा,आशीष पिता सीताराम तिवारी निवासी भीलवाड़ा ,प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई न्यायोचित एवं नियमों के तहत की गई है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

'सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं '– इस कथन को चरितार्थ करते हुए प्रशासन ने लंबे समय से लंबित मामले में निर्णायक कदम उठाया।

# नीलगाय गिरी कुएं में, सूचना पर कोई भी नहीं पहुंचा मौके पर

## ग्राम वासियों में आक्रोश



स्मार्ट हलचल|पुर

उपनगर पुर जाटों के खेड़ा में सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक शिवकुमार बेरवा के खेत के कुएं में एक नीलगाय गिर गई जिसकी सूचना क्षेत्र के पार्षद एवं आमजन द्वारा प्रशासन के तहसीलदार एवं पटवारी तथा वन विभाग को दी गई लेकिन कई घंटे इंतजार के बाद भी मौके पर कोई भी टीम या प्रशासन का अधिकारी नहीं पहुंचा जिससे जनता में प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है। वन विभाग की द्वारा हड़ताल पर होना बताया गया। इसके बाद ग्रामवासियों की मदद से रस्सी बांधकर नीलगाय को जीवित बाहर निकाला गया।

# सतत सेवा संस्थान द्वारा 'सैन्य आराधना' काव्य संध्या का आयोजन 15 को

### देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे प्रख्यात कवि अपनी ओजस्वी एवं भावपूर्ण रचनाओं की देंगे प्रस्तुति

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सतत सेवा संस्थान के तत्वावधान में 78वें सेना दिवस के अवसर पर आगामी 15 जनवरी 2026 को महाराणा प्रताप सभागार (टाउन हॉल), भीलवाड़ा में सायं 6.59 बजे से 'सैन्य आराधना' काव्य संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्रसेवा को समर्पित रहेगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम को सफल एवं गरिमामय बनाने हेतु सभी आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में आयोजन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं, दायित्वों एवं रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में चन्द्रशेखर शर्मा, योगेंद्र शर्मा, रजनीकांत आचार्य, पंकज अग्रवाल, कृष्ण कुमार टेलर, पवन बावरी, कमलेश शर्मा, सुरेश चन्द्र कचोलिया, राजेंद्र दीक्षित, रामचन्द्र मूंदड़ा, राहुल शर्मा, शंकरलाल जाट, डॉ. वी.के. यादव, अवनिश भार्गव, जगदीश जागा, गजानंद बोहरा एवं डॉ. अवधेश जौहरी, प्रतीक कचोलिया



सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थत रहे। इस विशेष काव्य संध्या में देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे प्रख्यात कवि अपनी ओजस्वी एवं भावपूर्ण रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में शशिकांत यादव (देवास, मध्यप्रदेश), शिवकुमार व्यास (बाराबंकी, उत्तर प्रदेश), आयुषी रखेजा (जोधपुर) एवं कानू पंडित (नाथद्वारा) काव्य पाठ करेंगे। सतत सेवा संस्थान ने शहरवासियों, साहित्य प्रेमियों एवं देशभक्ति भाव से ओतप्रोत नागरिकों से इस गरिमामय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सेना के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की अपील की है।

# प्रशासनिक विसंगतिः दूरी घटाने का दावा, फिर बिलिया को शाहपुरा से हटाकर 35 किमी दूर क्यों धकेला?

### प्रियंका गोस्वामी ने जयपुर स्थित पंचायती राज विभाग के सचिव को पत्र लिख उठाए गंभीर सवाल

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** राजस्थान सरकार द्वारा नई पंचायत समितियों के गठन के पीछे मंशा जनता को नजदीक दफ्तर उपलब्ध कराना था, लेकिन शाहपुरा की ग्राम पंचायत बिलिया के मामले में प्रशासन ने इस नीति की धज्जियां उड़ा दी हैं। बिलिया को मात्र 18 किमी दूर स्थित शाहपुरा से हटाकर लगभग 35 किमी दूर फूलिया कलां में शामिल कर दिया गया है।

### प्रियंका गोस्वामी की सीधी चुनौती— आखिर बिलिया के साथ ही यह अन्याय क्यों?

स्थानीय सजग नागरिक प्रियंका गोस्वामी ने राजस्थान संपर्क पोर्टल (परिवाद संख्या-012636325361637) के माध्यम से सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग (जयपुर) को प्रार्थना पत्र भेजकर इस 'अव्यावहारिक' निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। प्रियंका ने पत्र में तीखा सवाल पूछा है कि जब सरकार का उद्देश्य दूरी घटाना है, तो बिलिया की दूरी को 18 से बढ़ाकर 35 किमी कैसे कर दिया गया? क्या यह सुशासन है या ग्रामीणों पर थोपी गई सजा?

### एक ही दिन में दो दिशाओं में भटकने का 'प्रशासनिक चक्रव्यूह':

प्रियंका गोस्वामी ने जयपुर भेजे गए अपने पत्र में सबसे बड़ा प्रशासनिक विरोधाभास उजागर किया है। बिलिया पंचायत का थाना, तहसील, उपखंड कार्यालय और अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय पहले से ही शाहपुरा में स्थित हैं। अब पंचायत समिति को दूसरी दिशा में 35 किमी दूर रखना एक बड़ी प्रशासनिक भूल है। इससे ग्रामीणों को एक ही दिन में दो अलग-अलग दिशाओं (शाहपुरा और फूलिया कलां) का चक्कर काटना पड़ेगा।

### न सुगम रास्ता, न पर्याप्त साधन; कौन सुनेगा बुजुर्गों की पुकार?

प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया गया है कि शाहपुरा के लिए सीधी डामर सड़क और पर्याप्त साधन मौजूद हैं, जबकि फूलिया कलां जाने के लिए अन्य पंचायतों से घूमकर दुर्गम रास्तों से गुजरना पड़ता है जहाँ साधनों का भी भारी अभाव है। शाहपुरा में जिला अस्पताल और कॉलेज होने के कारण ग्रामीण वैसे भी वहां रोज जाते हैं। प्रियंका गोस्वामी ने मांग की है कि जनहित में बिलिया को पुनः शाहपुरा पंचायत समिति में जोड़ा जाए।

# एबीवीपी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) भीलवाड़ा महानगर के सूरजमल नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के निमित पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी मनोज प्रताप एवं अभाविप विभाग प्रमुख प्रशांत परमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और रक्तदान जैसे कार्य समाज के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी को दर्शाते हैं।

प्रशांत परमार ने बताया कि संगठन निरंतर सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। शिविर में चिकित्सकों की देखरेख में सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया।

नगर मंत्री क्षवण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में कुल 93 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होगा। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया! कार्यक्रम मे कार्यक्रम संयोजक विष्णु कुमावत, देव प्रकाश शर्मा, किशन सिंह, रिया साहू, सोनू कुमावत, पवन शर्मा, कुलदीप सिंह, अजीत भारती, प्रवीण टेलर, संदीप कुमावत, दीपक सिंह, रामबक्श कुमावत, नरपत सिंह, आशीष सेन अमन सेन, हितेश भांभी, रत्नेश पुरोहित, मोहन कुमावत, आशीष माली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ आयोजन

स्मार्ट हलचल |भीलवाड़ा

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बरड़ोद में आज स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वदेशी संकल्प दौड़ व रेली निकाल कर विद्यालय प्रागण में करियर डे के रूप में मनाई गई ।

इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ संजय त्रिपाठी एवं महिपाल सिंह ( नितिन स्पिनर्स लिमिटेड मेनेजर ) एवं विद्यालय स्टाफ मेंबर के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आयोजन की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर संजय त्रिपाठी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों को बताया कि विवेकानंद ने अपने ओजस्वी विचारों से पूरे भारत वर्ष में ही नहीं पुरे विश्व को धर्म, मानवता, सेवा और कर्म का सेवा अर्थ समझाया था तथा उनका जीवन और दर्शन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं जिससे उनके विचारों को अपने विद्यार्थी जीवन में सफल बनाने पर जोर दिया तथा महिपाल सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस करियर डे विद्यालय में मनाने उद्देश्य बच्चों में उनके प्रेरणादायक विचारों ,आदर्शों,और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से परिचय करवाना तथा युवा शक्ति की भूमिका पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को आत्म बल, नैतिक चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया है ।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मदन स्वर्णकार,महावीर त्रिपाठी के द्वारा बच्चों को स्वामी विवेकानंद के कार्यो को अपने जीवन में साक्षात ग्रहण करने के लिए संकल्प दिलवाया गया ।

# पोटला सिनियर विद्यालय में नियमों को ताक में रखकर काटे गए नीम के हरे पेड़

## पेड़ काटने के बाद छाया वीरान हुआ विद्यालय

स्मार्ट हलचल|गंगापुर

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोटला में नियमों को ताक में रखकर बिना विभाग अनुमति के बिना उच्च अधिकारियों से अनुमति लिए बिना नीम, शिशम, पीपल के लगभग 20 वर्ष पुराने लगभग 30 हरे पेड़ो को जड़ से काट दिया गया। पेड़ों की छाया से हरा भरा रहने वाला विद्यालय पेड़ों के बिना वीरान हो गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पतला में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगभग 20 से 30 वर्ष पूर्व नीम शिक्षा एम पीपल गुलमोहर सहित कई हरे पेड़ लगे हुए थे जो विद्यालय परिसर में विशालकाय होकर समूचे विद्यालय परिसर में छाया में शुद्ध हवा दे रहे थे इन पेड़ों के नीचे छाया बैठकर विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राएं अध्ययन कर रहे थे पेड़ों की छांव में विद्यालय में कई कार्यक्रमों का आयोजन भी हो रहा था। 20 से 30 वर्ष पुराने पेड़ों को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बिना किसी विभाग की अनुमति, बिना किसी प्रशासनिक व शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लिए बिना ही विद्यालय परिसर में खड़े हुए लगभग 30 पेड़ों को अक्टूबर 2025 में दीपावली के अवकाश के दौरान जड़ से कटवा दिया। समुचा विद्यालय परिसर इन पेड़ों की छांव में हरा भरा दिखाई देता था। आज समुचा विद्यालय परिसर में पेड़ों की कटाई हो जाने के बाद हरियाली का नामोनिशान समाप्त हो गया समूचा विद्यालय पेड़ों के कट जाने के कारण वीरान



हो गया। विद्यालय परिसर से बिना अनुमति नियम विरुद्ध काटे गए हरे पड़ों के मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर गंगापुर उपखंड अधिकारी को शिकायत पत्र दिया गया।

### क्यों काटा गया पेड़ों को

पोटला सीनियर विद्यालय में लगे हुए लगभग 30 बड़े हरे पेड़ों को क्यों काटा गया का सवाल पूछने पर विद्यालय में कार्यरत प्रधानाचार्य सहित अध्यापक गणों ने चुप्पी साध ली। कोई जवाब देने को तैयार नहीं।

### क्या कहते हैं ग्राम विकास अधिकारी

पोटला ग्राम विकास अधिकारी मेना बानू ने बताया कि पोटला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगे हुए नीम सहित बड़े हरे पेड़ों को काटने की कोई जानकारी विद्यालय द्वारा नहीं दी गई।

### क्या कहते हैं सहाड़ा तहसीलदार

सहारा तहसीलदार विरेन्द्र सिंह ने बताया कि पतला सीनियर विद्यालय से हरे पेड़ काटने की कोई सूचना नहीं मिली शिकायत मिली है मौके पर विभाग के अधिकारियों को भेजकर मामले की जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहते हैं उपखंड अधिकारी

गंगापुर उपखंड अधिकारी राजेश कुमार बिश्नोई ने बताया कि पोटला सिनियर विद्यालय परिसर में खड़े हुए हरे पेड़ों को काटने की जानकारी मिली है। तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी।

# अलौह धातु बर्तन व्यापार संघ की बैठक सम्पन्न, राकेश नौलखा पुनः जिलाध्यक्ष मनोनीत

### उपाध्यक्ष शानू व्यास, सचिव शिव लाहोटी, कोषाध्यक्ष गोपाल लाहोटी को मिली जिम्मेदारी



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** अलौह धातु बर्तन व्यापार संघ के समस्त सदस्यों की बैठक सांगानेर सिंदरी बालाजी प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राकेश नौलखा को पुनः जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गयझ्ं बैठक में संरक्षक पद पर बद्री राठी एवं रमेश राठी को मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर शानू व्यास, सचिव शिव लाहोटी तथा कोषाध्यक्ष पद पर गोपाल लाहोटी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा रामेश्वर पुरोहित, इमरान भाई बोहरा, हैप्पी लाहोटी, विनय पितलिया, प्रकाश शांतिलाल पितलिया, पवन बोरदिया एवं संदीप बोरदिया को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में व्यापारिक हितों से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। इस अवसर पर जिले भर से बड़ी संख्या में बर्तन व्यापारी उपस्थित रहे।

# निलंबन निरस्त नहीं होने पर वन कर्मियों में रोष, आंदोलन की चेतावनी

## प्रारंभिक जांच में दोषमुक्त पाए गए दो सहायक वनपालों की बहाली नहीं होने पर संघ का कड़ा विरोध

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** शाहपुरा वन क्षेत्र में कार्यरत दो सहायक वनपालों के निलंबन को प्रारंभिक जांच में आरोप सिद्ध नहीं होने के बावजूद अब तक निरस्त नहीं किए जाने पर राजस्थान वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ शाखा भीलवाड़ा ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संघ ने इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर को ज्ञापन भेजते हुए सात दिनों के भीतर निलंबन निरस्त नहीं होने पर आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और राजकार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

संघ द्वारा भेजे गए ज्ञापन में बताया गया कि मुख्य वन संरक्षक अजमेर के आदेश क्रमांक एफ 5 ( ) 2025 / जांच मुवसं / 68 27-35 दिनांक 9 नवंबर 2025 के तहत शाहपुरा नाका प्रभारी सहायक वनपाल विश्राम मीणा तथा पीलीमगरा रेंज के बीट इंचार्ज सहायक वनपाल शंकर लाल माली को निलंबित किया गया था। संघ ने प्रारंभ से ही इस निलंबन को पूर्णतः अनुचित और तथ्यहीन बताते हुए इसका विरोध कियासंघ का कहना है कि निलंबन आदेश के विरोध में 10 नवंबर 2025 को उप वन संरक्षक भीलवाड़ा के माध्यम से विधिवत ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। इसके पश्चात 17 नवंबर 2025 को संघ के पदाधिकारियों ने स्वयं उपस्थित होकर पूरे घटनाक्रम की तथ्यात्मक जानकारी भी दी थी। उस दौरान सकारात्मक वार्ता के बाद यह आश्वासन दिया गया था कि यदि प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सिद्ध नहीं होते हैं तो दोनों कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबन से बहाल कर दिया जाएगा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रारंभिक जांच अधिकारी द्वारा 28 नवंबर 2025 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया कि दोनों सहायक वनपालों की भूमिका कहीं भी संदेहास्पद नहीं पाई गई तथा लगाए गए आरोप सिद्ध नहीं हुए। इसके बावजूद आज दिनांक तक न तो निलंबन निरस्त किया गया और न ही किसी प्रकार की स्पष्ट कार्यवाही की गई, जिससे कर्मचारियों में गहरी निराशा और असंतोष व्याप्त है।

संघ ने चेताया है कि निलंबन की लंबी और अनुचित प्रक्रिया से दोनों कर्मचारी मानसिक रूप से हतोत्साहित और तनावग्रस्त हो रहे हैं। इसका विपरीत प्रभाव अन्य कर्मठ वन कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है, जिनमें यह संदेश जा रहा है कि निर्दोष होने के बावजूद प्रशासन से समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा। इससे विभागीय कार्यसंस्कृति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और कर्मचारियों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है।

राजस्थान वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ शाखा भीलवाड़ा ने स्पष्ट किया है कि यदि सात दिवस के भीतर दोनों सहायक वनपालों को निलंबन से बहाल नहीं किया गया तो संघ को मजबूरन आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ेंगे। इसके तहत धरना-प्रदर्शन, विरोध सभाएं और राजकीय कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। संघ ने यह भी चेताया कि आंदोलन की स्थिति में वन क्षेत्रों में होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान की जिम्मेदारी वन प्रशासन की होगी।

संघ पदाधिकारियों का कहना है कि यह आंदोलन केवल दो कर्मचारियों के हित का मामला नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों के आत्मसम्मान, न्याय और निष्पक्ष प्रशासनिक प्रक्रिया से जुड़ा हुआ प्रश्न है। जब प्रारंभिक जांच में आरोप सिद्ध नहीं होते, तो निलंबन बनाए रखना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि नियमों और नैतिकता के भी विपरीत है।

ज्ञापन के अंत में संघ ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक की त्वरित और न्यायोचित कार्यशैली पर विश्वास जताते हुए आशा व्यक्त की है कि वे मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर दोनों कर्मचारियों को न्याय दिलाएंगे और प्रशासन व कर्मचारियों के बीच विश्वास को कायम रखेंगे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक सेवा समिति का जागरूकता अभियान



## स्वामी विवेकानंद के विचारों से विद्यार्थियों में भरा उत्साह।

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति आसींद के आदेशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय में तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके पश्चात अधिवक्तागणों द्वारा विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं।

अधिवक्ताओं ने युवाओं से आत्मविश्वास, अनुशासन, चरित्र निर्माण तथा राष्ट्र सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और यदि वे सही दिशा में आगे बढ़ें तो देश को प्रगति के शिखर पर ले जा सकते हैं। उनके प्रेरक संबोधन से उपस्थित विद्यार्थियों में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। साथ ही नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देकर उनसे दूर रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता आशीष पालीवाल, रामप्रसाद जाट, दीपक पारीक, अंकित शर्मा, हितेष शर्मा एवं मोहम्मद शरीफ उपस्थित रहे। साथ ही तालुका सचिव शिवराज धाकड़, पीएलवी अभय गुर्जर, प्रधानाचार्य ईश्वर मीणा, पवन बांगड़ एवं समस्त शिक्षकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# विद्यालय में बहुऔषधीय आयुर्वेदिक काढे का वितरण



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के मुसी ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे अध्ययनरत बालक बालिकाओं को बहुऔषधीय आयुर्वेदिक काढे का वितरण किया गया है।

राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय मुसी प्रभारी डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी श्रीकान्त व्यास और उप निदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के निर्देश पर मुसी विधालय में मौसईमी बीमारियों से बचाव हेतु औषधि गुणों युक्त काढ़े का वितरण किया गया।

आयुर्वेद नर्स मनराज जाट द्वारा काढ़े का निर्माण किया गया। डॉ खान ने औषधि गुणों से गोजीहवादी क्वाथ एक आयुर्वेदिक दवा है जो मुख्य रूप से खाँसी, अस्थमा, श्वसन मार्ग के रोग, नाक में रुकावट, नासाशोध, गंध और स्वाद कम आना आदि में उपयोगी है।युक्त काढ़े के सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है और वर्तमान मौसम में होने वाली वायरल खांसी,जुकाम और बुखार से राहत मिलती है।उक्त अवसर पर विधार्थियों द्वारा वंदे मातरम राष्ट्र गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत गया गया।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर करियर डे, एनएसएस शिविर का समापन

स्मार्ट हलचल




**जहाजपुर।** राजकीय महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव जालमपुरा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन रविवार को प्रेरणादायी वातावरण में किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती को करियर डे के रूप में मनाकर युवाओं को राष्ट्रनिर्माण का संदेश दिया गया।

समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर रतनलाल सुवालका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य गौरव चौधरी ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नरेश कुमार सेवालिया व बनवारी लाल वर्मा ने साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथि सम्मान किया। वहीं विद्या संबल की सहायक आचार्य प्रेरणा दाधीच ने प्राचार्य का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

एनएसएस प्रभारी ने सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सभी स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की। प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि प्रो. सुवालका ने अपने प्रेरक उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, शिकागो भाषण और युवाओं के लिए उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक है, इसी उद्देश्य से उनकी जयंती को करियर डे के रूप में मनाया जाता है। करियर डे के अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि व अध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार सेमेस्टर तृतीय की छात्रा आयशा को प्रदान किया गया।समारोह का समापन सामूहिक भोजन के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं अतिथियों ने सहभागिता निभाई।

# युवा दिवस पर महेश फाउंडेशन द्वारा गायों को चारा व गुड़ खिलाया



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

श्री महेश सेवा फाउंडेशन भीलवाड़ा की महिला कार्यकारिणी द्वारा आज विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष में देवरिया बालाजी गौशाला में गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाया गया।

फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर महिला कार्यकारिणी सदस्य महिला कार्यकारिणी सदस्य रेणु काबरा, नीतू मालू, संगीता सामरिया, सीमा न्याति, संध्या आगाल, उर्मिला अजमेरा, साधना लड्ढा, रेखा काबरा, चंदा लड्ढा, शोभा नुवाल, प्रियंका भंडारी, लीला अजमेरा, शीला काबरा, नीलू पोरवाल, रेणु तोशनीवाल, उर्मिला मूंदड़ा , आदि उपस्थित था।

महेश फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश काबरा ने बताया कि मकर संक्रांति के शुभअवसर पर फाउंडेशन विभिन्न गौशालाओं में नियमित गायों की सेवा की जाती है इस अवसर पर फाउंडेशन के लोकेश अगाल उपाध्यक्ष, मुकेश सामरिया उपाध्यक्ष, घिसू जागेटिया , रमेश तोषनीवाल, सुंदर अजमेरा, विजय लड़ा, के जी गन्दोरीया, रमेश लड्ढा, संजय काबरा, राजेन्द्र काबरा , सज्जन तोषनीवाल आदि उपस्थित थे।

# चाइनीज मांजा व प्लास्टिक पर भीनमाल नगर पालिका की कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**भीनमाल।** मकर संक्रांति से पहले नगर पालिका प्रशासन ने अवैध चाइनीज मांजा और प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। प्रशासक एवं अधिशासी अधिकारी रमेश कंसारा के निर्देश पर सफाई निरीक्षक संजय जोशी व महिपाल, सुरेन्द्रसिंह सफाई प्रभारी, रामकेश मीना, जमादार रवि कुमार, नरसिंग कुमार सफाई कार्मिक आदि उपस्थित थे। अधिशाषी अधिकारी ने शहर के विभिन्न बाजारों में कार्रवाई की। खारी रोड, महावीर चौराहा और माघ चौक सहित अन्य क्षेत्रों से प्रतिबंधित चाइनीज, प्लास्टिक व ग्लास मांजा तथा करीब 110 किलो प्लास्टिक कैरी बैग जब्त किए गए। दुकानदारों को भविष्य में अवैध सामग्री बेचने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# भटेवर विद्यालय में स्वेटर वितरण



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर शिक्षक अशोक वर्मा की प्रेरणा से श्रीमाधोपुर सीकर निवासी नरेंद्र वर्मा एवं उनकी बहनों द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भटेवर के 38 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किए गए. इस अवसर पर संस्था प्रधान रामपाल तातेला सहित अशोक कुमार त्रिवेदी, सुरेश कुमार सैनी, इंदिरा कुमारी, अंजेश कुमारी, प्रयाग सिंह, धर्मेंद्र सिंह, साबिर मोहम्मद एवं सुभाष चंद्र मीणा उपस्थित थे।

# युग पुरुष स्वामी विवेकानंद का 163 वा जन्मदिवस मनाया



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** स्थानीय राज्य के उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंड गेट में महान भारतीय संत दार्शनिक और समाज सुधारक युगपुरुष स्वामी विवेकानंद का 163 वा जन्मदिवस विद्यालय में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर संस्था प्रधान देवी लाल बेरवा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म को विश्व भर में प्रसिद्ध किया उन्होंने मानव सेवा को लेकर रामकृष्ण मिशन की स्थापना की युवाओं के सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे हम सबको उनके विचारों से प्रेरित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था प्रधान देवी लाल बेरवा, सुधा पारीक, वर्षा व्यास, लाड कंवर, सुनीता समदानी, अभिषेक मीणा, विकास खटीक, अनुराग भट्ट, धनवंती कोली, यामिनी सुवालका, प्रियांशु गर्ग भी उपस्थित रहे। केरियर डे के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के माल्यार्पण किया गया और उनके बताइए मार्ग पर संकल्प लिया।

# राजकीय महाविद्यालय बनेड़ा में 'स्वदेशी संकल्प दौड़' एवं व्याख्यान के साथ मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा




उपखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, स्वदेशी की भावना और स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों का प्रसार करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. के.एल. मीणा ने 'स्वदेशी संकल्प दौड़' को हरी झंडी दिखाकर के रवाना किया। इस दौड़ में एनएसएस के 50 स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्साह से लबरेज यह दौड़ महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर के निकटवर्ती मानपुरा गांव तक पहुँची। मार्ग में स्वयंसेवकों ने 'स्वदेशी अपनाओ-देश बचाओ' और स्वामी विवेकानंद के अमर संदेशों के नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। दौड़ के पश्चात महाविद्यालय के सभागार में 'स्वामी विवेकानंद के आदर्श और वर्तमान युवा' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. डॉ. के.एल. मीणा ने अपने संबोधन में कहा, 'स्वामी विवेकानंद मात्र एक संन्यासी नहीं, बल्कि ऊर्जा के पुंज थे। उनका संदेश 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' आज के युवाओं के लिए सफलता का मूलमंत्र है।' उन्होंने विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार देसाई ने व्याख्यान के दौरान स्वामी जी के शिकागो व्याख्यान और उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का लक्ष्य युवाओं को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि बौद्धिक रूप से भी सशक्त बनाना है। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

# भीलवाड़ा क्लॉथ मर्चेट एसोसियेशन बडा मंदिर की बैठक आयोजित

## बुजुर्ग हमारा गौरव हैं उनके मान-सम्मान में ही हमारा मान-सम्मान है : कपिल बाहेती



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा क्लॉथ मर्चेट एसोसियेशन बडा मंदिर की बैठक अध्यक्ष कपिल बाहेती की अध्यक्षता में हरणी महादेव स्थित सोनी की धर्मशाला में आयोजित हुई। सचिव मुकेश सोनी ने बताया कि बैठक में उपस्थित व्यापारी बंधुओं ने संस्थान व व्यापारी बंधुओं के हित में अपने अपने सुझाव, विचार व अपनी राय प्रकट की। साथ ही इस दौरान सभी वरिष्ठजनों का तिलक लगाकर, शॉल ओढाकर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष कपिल बाहेती ने कहा की बुजुर्ग हमारा गौरव हैं। उनके मान-सम्मान में ही हमारा मान-सम्मान है। उनका आशीर्वाद हमारे लिए बड़ी ताकत है। कोषाध्यक्ष विनोद नागोरी ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छितरमल बाहेती, बालू डांगी, मुकेश काबरा, सुंदरलाल काबरा, प्रकाश चौधरी, बालकिशन खंडेलवाल, सत्यनारायण बाहेती, रामेश्वर लाल खटोड, घीसुलाल बाफना, महावीर मांडोत, महावीर नागोरी, अशोक पोखरना, रमेश बाहेती, गुड्डू खमेसरा, नवीन डाड, राजू चपलोत, सुरेश पोरवाल, गौरव सोमानी, अमित खंडेलवाल, ओम काबरा, अजीत नंदावत, मुकेश नागौरी, मोहित बाहेती, कपिल नंदावत, प्रेम खमेसरा, सुनिल चोधरी, संजय काबरा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती एवं हाफिज़ मोहम्मद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजित

## कांग्रेसजनों ने उनके विचारों, सिद्धांतों एवं जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें सच्चा मार्गदर्शक बताया

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** भारत के महान विचारक, युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं पूर्व विधायक मांड़ल, पूर्व राज्य मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष, कांग्रेस स्वर्गीय हाफिज मोहम्मद की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को भीलवाड़ा स्थित गांधी भवन, कांग्रेस कार्यालय में एक भव्य एवं गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद एवं स्वर्गीय हाफिज़ मोहम्मद की तस्वीरों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके विचारों, सिद्धांतों एवं जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें सच्चा मार्गदर्शक बताया। श्रद्धांजलि सभा में शहर जिलाध्यक्ष शिवराम खटीक, कैलाश व्यास, अक्षय त्रिपाठी, धर्मेंद्र पारीक, मोहम्मद याकूब, मोहम्मद जाकिर, संजय पेड़ीवाल, ज्ञानमल खटीक, मनोज पालीवाल, कुणाल ओझा, रामगोपाल पुरोहित, अनिल राठी, राजेंद्र जैन, मेवाराम खोईवाल, सत्यवीर सिंह राठौड़, निसार सिलावट, अशोक जैन, सुरेश बंब, जितेंद्र दरयानी सहित बड़ी संख्या में भीलवाड़ा शहर के सभी पूर्व व वर्तमान कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गांधी भवन कांग्रेसजनों से खचाखच भरा नजर आया और पूरे परिसर में श्रद्धा, सम्मान एवं एकजुटता का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा शहर के जिलाध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, वहीं स्वर्गीय हाफिज़ मोहम्मद ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा जनहित, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उनका योगदान भीलवाड़ा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, अधिकार और विकास पहुंचाने के लिए सतत संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



स्मार्ट हलचल | रोपा

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पारोली में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वामी जी के जीवन से संबंधित प्रसंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में 'रन फोर स्वदेशी' का आयोजन भी किया गया। इसके बाद छात्रों ने पारोली पुलिस थाने का विजिट किया, जहां थाने मे छात्र-छात्राओं को साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता देवकिशन माली ने किया, जबकि कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनिल कुमार जाजू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिसमें श्योराम गुर्जर व्याख्याता, दीक्षा मालव व्याख्याता सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर 'स्वदेशी संकल्प दौड़' का आयोजन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



स्थानीय सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य में साहित्यिक समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (हृस्स्) के संयुक्त तत्वावधान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेकानंद केंद्र भीलवाड़ा के विभाग युवा प्रमुख शेलेन्द्र कुमार केलानी थे तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने की। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसके पश्चात महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का उपरणा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर आत्मीय सत्कार किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्वामी जी के जीवन पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके उपरांत छात्रा लक्ष्मी चौधरी एवं लाजवंती ने विवेकानंद जी के विचारों पर अपनी आत्मानुभूति साझा करते हुए प्रेरक विचार व्यक्त किए।

मुख्य वक्ता शेलेन्द्र कुमार केलानी ने अपने संबोधन में छात्राओं को स्वामी जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए निर्भयता और राष्ट्रवादी भावों को जीवन में उतारने का संदेश दिया। महाविद्यालय की वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिभा राव ने स्वामी जी के जीवन की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख करते हुए छात्राओं को ऊर्जावान बने रहने के लिए प्रेरित किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने सभी शिक्षकों एवं छात्राओं को अपने कर्मपथ पर निरंतर संलग्न रहते हुए 'राष्ट्र सर्वोपरि' के भाव को जागृत करने का आह्वान किया। इसी अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'स्वदेशी संकल्प दौड़' का भी आयोजन किया गया, जिसका सफल संयोजन एनएसएस प्रभारी डॉ. अंजलि अग्रवाल, रीना सालोदिया एवं कृष्णकुमार मीणा ने करवाया।

पूरे कार्यक्रम का प्रभावी एवं ओजस्वी संचालन सहायक आचार्य सूर्यप्रकाश पारीक ने किया, जिन्होंने स्वामी जी के विभिन्न प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए छात्राओं को राष्ट्र सेवा के प्रति प्रोत्साहित किया। अंत में साहित्यिक समिति प्रभारी डॉ. गीतांजलि वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस गरिमामयी अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. इंदुबाला पटवारी, डॉ. ज्योति सचान, परितोष कडेला, डॉ. अंजलि अग्रवाल, रीना सालोदिया, डॉ. इंकाश्री वर्मा, कृष्णकुमार मीणा, डॉ. वर्षा सिखवाल, प्रणव व्यास, सुखपाल सिंह राठौड़, कमलेश खटीक, निशा यादव, डॉ. हेमंता मीणा सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## पत्रकार पर हमला करने वाले दोषीयो पर कार्रवाई की मांग



स्मार्ट हलचल | काछोला

जिले के फुलिया कलां थाना क्षेत्र के अरवड गांव निवासी पत्रकार सत्यनारायण टेलर के ऊपर स नियोजित एवं साजिशन किए गए कातिलाना हमले के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को प्रेस क्लब कोटड़ी के पत्रकारों ने उपखंड अधिकारी तानिया रीणवा को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सोपा प्रेस क्लब कोटड़ी के प्रवक्ता विक्रम सिंह ने बताया कि 25 दिसंबर को विभागीय जनसुनवाई की खबर प्रकाशित करने को लेकर पत्रकार सत्यनारायण टेलर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं उसके सहयोगियों ने जान से मारने के लिए कातिलाना हमला किया जिसका प्रकरण शाहपुरा थाने में दर्ज हैं पुलिस की ढीली जांच से पत्रकारों में गहरा रोष व्याप्त हैं प्रेस क्लब कोटड़ी के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर कठोर कार्रवाई की मांग की है ज्ञापन के दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष भैरू चौधरी, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद आचार्य, सचिव महावीर वैष्णव सदस्य राजू रावणा समेत पत्रकार मौजूद रहे।

## मांडलगढ़: वरिष्ठ सहायक की बर्खास्तगी के विरोध में लामबंद हुए राजस्व कर्मी, उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### जांच रिपोर्ट में क्लीन चिट के बावजूद कार्यवाही का आरोप, आदेश निरस्त करने की मांग

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़



मांडलगढ़ ब्लॉक के समस्त राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने आज साथी कर्मचारी की बर्खास्तगी के विरोध में एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों ने वरिष्ठ सहायक भवानी सिंह मीणा को राजकीय सेवा से पदच्युत (बर्खास्त) करने के आदेश के खिलाफ उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा और न्याय की गुहार लगाई।

क्या है पूरा मामला? कर्मचारी संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि वरिष्ठ सहायक श्री भवानी सिंह मीणा के खिलाफ जो विभागीय जांच की गई थी, उसमें जांच अधिकारी की रिपोर्ट में उन पर कोई भी आरोप सिद्ध नहीं पाया गया था। कर्मचारियों का आरोप है कि तथ्यों और जांच रिपोर्ट की अनदेखी करते हुए, एक ईमानदार कर्मचारी के खिलाफ 7 जनवरी 2026 को बर्खास्तगी का एकतरफा आदेश जारी कर दिया गया।

राजस्व परिवार में भारी रोष इस कार्यवाही को लेकर मांडलगढ़ के राजस्व परिवार में गहरा आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि बिना ठोस आधार के की गई इस दंडात्मक कार्यवाही से कर्मचारियों का मनोबल टूटा है।

आदेश पर पुनर्विचार की मांग ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि दिनांक 07.01.2026 को जारी किए गए बर्खास्तगी आदेश पर तत्काल प्रभाव से पुनर्विचार किया जाए। उन्होंने मांग की है कि इस आदेश को तुरंत निरस्त कर पीड़ित कर्मचारी को न्याय प्रदान किया जाए, अन्यथा कर्मचारी आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर होंगे।

## कुंडे की फातिहा के बीच मांगी अमन चैन की दुआ

### इमाम हजरत इमाम जाफर सादिक की याद में मनाया पर्व

स्मार्ट हलचल | काछोला



कस्बे मुस्लिम समाज के लोगों ने अकीदत और एहतराम के साथ सोमवार को कुंडे की नियाज का त्योहार मनाया।

अलग अलग इलाके में लोगों ने कुंडे की फातिहा कराई। जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने बताया कि छठे इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम ने अपने चाहने वालों को बताया कि किस प्रकार रोजी-रोटी में बरकत के लिए दुआ की जाए। उन्होंने कहा कि रहमतों के लिए घर में मीठी पूड़ी, खीर, फल, मिठाई आदि बनाया जाए और उस पर हजरत इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम के वसीले से बरकत के लिए फातिहा ख्वानी की और कहा कि नियाज और नमाज से रोजी-रोटी में बरकत,तरक्की,प्रगति व कामयाबी के लिए दुआएं की।

हजरत इमाम जाफर सादिक रहमतुल्ला अलेह की याद में मुस्लिम परिवारों में सोमवार को कुंडों की नियाज दिलाई। इस नियाज को लेकर मुस्लिम परिवारों में खुशी का माहौल नजर आया। मौलाना शाह ने बताया कि इस्लामी संवत के रजब महीने की 22 तारीख को यह नियाज दिलाई जाती है। इस मौके पर खीर व पुड़ी बनाई जाती है। अनेक परिवार सुबह फज्र की नमाज के बाद और कई परिवारों में 21 को मगरीब की नमाज के बाद यह नियाज दिलाई गई।

कुंडे भर कर दुआएं मांगी,खुशियों के साथ गले मिले ,दी मुबारकबाद-सोमवार को घरों में महिलाओं ने पाक ओ पाकीजा माहौल में मीठी टिकिया,खीर,और पुड़ी बनाई गई और नियाज दिलाई,ख्वातीन मा बहिन अच्छे लिबास एक दूसरे के घर नियाज में शिरकत करने पहुंची।बच्चो ने भी दुआख्वानी के लिए हाथ उठाये।सभी जनों ने मिलकर हजरत इमाम जाफर के वसीले से खुदा की बारगाह में अमन,चैन,खुशहाली,कामयाबी,तरक की के साथ रोजी,रोटी के बरकत के लिए दुआएं की।

## 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम से सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल | मांडल

108 और 104 एंबुलेंस सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों ने सोमवार को राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन के बैनर तले मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी सुनील मीणा को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2022 के तहत लाभ देने और स्कैनिंग प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार माली ने बताया कि ये कर्मचारी पिछले 15 से 17 वर्षों से निरंतर आपातकालीन सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुर हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 में ही एंबुलेंस कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दे दिया था। इसके बावजूद, 23 दिसंबर 2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कोर्ट की रीट कॉपी सौंपे जाने के बाद भी अब तक आदेशों की पालना नहीं की गई है। कर्मचारियों का आरोप है कि प्रशासन जानबूझकर कोर्ट के आदेशों को दरकिनार कर रहा है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान जिलाउपाध्यक्ष प्रभु प्रजापत, हनीफ मोहम्मद, गिरिराज पायक, दीपक शर्मा, फतेहलाल रेगर, शोभित शर्मा, मुकेश चौधरी, केनपाल गुर्जर, कमलेशी गुर्जर, सुमन साहू, देवकिशन गाडरी, लक्ष्मीलाल शर्मा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।

## नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने मांगी एक शिफ्ट में कार्य की अनुमति

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** नगर पालिका हमीरगढ़ के निविदा सफाईकर्मियों ने सोमवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी एवं प्रशासक उपखंड अधिकारी तहसीलदार भंवर लाल सेन को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या रखी।ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि वे नगर पालिका में सुबह की शिफ्ट में ही सभी कार्यों को समय पर पूरा कर देते हैं।सफाईकर्मियों ने बताया कि बढ़ती महंगाई और कम वेतन के कारण उन्हें दिन में दूसरी जगह अतिरिक्त मजदूरी करने की आवश्यकता पड़ती है।इस वजह से उनका सुझाव है कि नगर पालिका में उनका कार्य समय एक ही शिफ्ट में निर्धारित किया जाए।उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी यह मांग पूरी नहीं हुई,तो वे कार्य का बहिष्कार करेंगे।जिससे नगर पालिका में सफाई कार्य प्रभावित हो सकता है।सफाईकर्मी कपिल घावरी ने बताया कि नगर पालिका में समस्त सफाईकर्मियों का कार्य समय एक शिफ्ट में रखा जाए।ताकि नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

## आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल | काछोला



स्वामी विवेकानन्द जी 164 वी जयन्ति पर राष्ट्रीय युवा दिवस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों,विद्याथियों और अभिभावकों ने स्वदेशी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शपथ ली और स्वदेशी उत्पाद खरीदने व उपयोग में लेने हेतु शपथ ली।संस्था प्रधान मोहम्मद शाबिर रँगरेज,पंकज त्रिवेदी,दुर्गा देवी बलाई, संजु बलाई,टीना कुमारी तेली सहित विद्यार्थियों,अभिभावकों ने

स्वदेशी अपनाओ' की शपथ में मुख्य रूप से दैनिक जीवन में भारतीय उत्पादों के उपयोग, विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार, स्थानीय उद्योगों, किसानों और कारीगरों का समर्थन करने, भारतीय भाषाओं और संस्कृति को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान करने का संकल्प लिया।

संस्था प्रधान रँगरेज ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब प्रत्येक नागरिक स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया।

## संगीतमय संध्या ने बांधा समां



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा फ्लावर शो 2026 के अंतर्गत संगीत प्रेमी मित्र समूह,भीलवाड़ा के तत्वावधान में एक भव्य संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विनोद सोमानी,अजय मूंदड़ा एवं पुखराज सोनी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आगाज़ किया।कार्यक्रम की शुरुआत अजय सोमानी ने 'सत्यम शिवम सुंदरम' एवं 'मैं निकला गढ़ी ले के' की मधुर प्रस्तुति से की। इसके पश्चात रतन खोईवाल ने 'याद आ रहा है तेरा प्यार ', पुखराज सोनी ने 'जिम्मी जिम्मी' एवं 'जीना इसी का नाम है' प्रस्तुत कर श्रोताओं से खूब तालियां बटोरीं।वंदना सोमानी ने 'गूंजे लगे हैं कहने ', हितेंद्र सोमानी ने 'पल भर के लिए कोई हमें ', राजेन्द्र सुराणा ने 'फूलों का तारों का' तथा अजय मूंदड़ा ने 'खाई के पान बनारस वाला' की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं मनमोहन सोनी, शिशिर माथुर, संजीव लोढ़ा, राजकुमार एवं सुरेश नथरानी ने भी अपने-अपने गीतों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।कार्यक्रम में मुकेश कुमावत,त्रिलोक छाबड़ा,डॉ. सिंगल सक्सेना एवं राजेन्द्र टावरी की प्रस्तुतियों को भी श्रोताओं ने खूब सराहा।विशेष आकर्षण के रूप में कृष्णा लड्डा एवं पुखराज सोनी की जुगलबंदी में प्रस्तुत 'ये मेरा इंडिया' ने देशभक्ति का रंग भर दिया, जबकि दीपक एवं सुनीता मिश्रा की जुगलबंदी ने रोमांटिक गीतों से समां बांध दिया।कार्यक्रम के समापन पर सभी कलाकारों ने सामूहिक गीत 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' प्रस्तुत किया, जिस पर श्रोता झूम उठे। समापन अवसर पर कार्यक्रम की संरक्षक रेखा कोठारी, आयोजक अजय मूंदड़ा एवं कार्यक्रम संयोजक पुखराज सोनी ने भीलवाड़ा फ्लावर शो की आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

## खारी का चौखला मेवाड़ सरगरा समाज के चुनाव सम्पन्न

### भेरूलाल सरगरा(शम्भूगढ़) निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित, पारदर्शिता व समाज सुधार का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** खारी का चौखला मेवाड़ सरगरा समाज की महत्वपूर्ण बैठक एवं चुनाव प्रक्रिया सवाईभोज, आसींद स्थित बाला मंदिर में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक लादूलाल सरगरा (दौलतगढ़) ने की। इस अवसर पर समाज की चौखला चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया।निर्वाचन में भेरूलाल सरगरा (शम्भूगढ़)को अध्यक्ष, कन्हैयालाल सरगरा (भीलवाड़ा) को उपाध्यक्ष, सुखदेव सरगरा(पड़ासोली)को सचिव, लादूलाल उर्फ धर्मेंद्र सरगरा(जगपुरा)को कोषाध्यक्ष, कमल कुमार सरगरा(सांगरिया, हाल निवासी बिजयनगर)को सूचना एवं प्रसारण मंत्री, दिनेश कुमार सरगरा(खारी का लाम्बा)को खेल मंत्री, नौरत सरगरा(परा)को संगठन मंत्री, बेनी प्रसाद सरगरा(तहसीलदार, पाटन)को शिक्षा मंत्री तथा रमेश सरगरा(सेवानिवृत्त फौजी, सरदारनगर)को विकास मंत्री नियुक्त किया गया।साथ ही मुकेश कुमार सरगरा (खामोर), पृथ्वीराज सरगरा (बरसनी), कालूलाल सरगरा (लाछुड़ा), मूलचंद सरगरा (सांगरिया) सहित अन्य सदस्यों को चौखला विकास सहायक के रूप में पदभार सौंपते हुए समाज के सुचारु संचालन हेतु शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर नव-निर्वाचित अध्यक्ष भेरूलाल सरगरा ने समाजहित में 1, 11, 000 की घोषणा की। वहीं बेनी प्रसाद सरगरा (पाटन) ने 21, 000, मिठूलाल सरगरा (सांगरिया) ने 11, 000, रमेश सरगरा (सरदारनगर) ने 11, 000 तथा घीसूलाल सरगरा (मुसी) ने 11, 000 की सहयोग राशि घोषित की। इस प्रकार बैठक में कुल 2, 40, 600 की आर्थिक घोषणाएँ हुई।अध्यक्ष भेरूलाल सरगरा ने आगामी समय में मातृकुंडिया स्थित प्रधानपीठ सरगरा समाज मंदिर के शीघ्र पूर्णाहुति कार्य को पूरा कराने का आश्वासन दिया।उन्होंने समाज की कुरीतियों को समाप्त कर शिक्षा, संगठन और विकास के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने हेतु हरसंभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई।खारी के चौखला से ओम अंकुर (राष्ट्रीय कवि एवं राष्ट्रीय सह-सचिव, अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा समाज महासभा) ने नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं।बेनी प्रसाद सरगरा, तहसीलदार पाटन ने कहा कि 'पारदर्शिता हमारा मूल ध्येय है—हमारे यहाँ पद की नहीं, कार्य की पूजा होती है।' बैठक में समाज सुधार हेतु तैयार की गई गाइडलाइन भी प्रस्तुत कर सभी के साथ साझा की गई।कार्यक्रम में सुरेश कुमार, भागचंद(सांगरिया), नाथूलाल, कन्हैयालाल(गुलाबपुर), देवा (भगवानपुरा), सावरलाल (खामोर), पुखराज (बरसनी), महावीर (करजालिया), बंशीलाल (परा), हेमराज, पारसमल (अंटाली), बालचंद, लादूलाल (भीलवाड़ा), चेतन (जगपुरा), मगनीराम (आसींद), भेरूलाल (करजालियां) सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क साइकिल योजना से बालिकाओं की राह आसान, तहनाल विद्यालय में 36 छात्राओं को मिली सौगात

### शिक्षित बालिका ही मजबूत परिवार और समृद्ध समाज की नींव -प्रशासक गोविंद कंवर राणावत

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** राजस्थान सरकार द्वारा छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण अंचलों में विद्यालय तक आवागमन को सरल बनाने के उद्देश्य से संचालित निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत सोमवार 12 जनवरी 2026 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तहनाल में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र 2025-2026 में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत कुल 36 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय ग्राम पंचायत तहनाल की प्रशासक गोविंद कंवर राणावत ने की। कार्यक्रम में वीरेन्द्र सिंह राणावत मुख्य अतिथि के रूप में तथा गोविंद बेरवा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रशासक गोविंद कंवर राणावत ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दूरी, परिवहन की कमी और आर्थिक परिस्थितियां कई बार बालिकाओं की पढ़ाई में बाधा बनती हैं। ऐसे में राज्य सरकार की यह योजना छात्राओं के लिए शिक्षा का रास्ता आसान बना रही है। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की।

मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह राणावत ने कहा कि निशुल्क साइकिल योजना छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध हो रही है। इससे बालिकाओं में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होती है। विशिष्ट अतिथि गोविंद बेरवा ने भी सरकार की इस पहल को ग्रामीण बालिकाओं के लिए उपयोगी बताया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य देवकिशन गुर्जर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सत्र 2025-2026 में कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल मिलने से विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट की समस्या में कमी आएगी। उन्होंने सरकार की इस योजना को बालिका शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम का संचालन राजकीय शिक्षक इकबाल खा कायमखानी द्वारा किया गया। उन्होंने योजना की जानकारी देते हुए छात्राओं को साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने एवं नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, छात्राओं के अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। साइकिल प्राप्त करने के बाद छात्राओं के चेहरों पर खुशी स्पष्ट नजर आई। ग्रामीणों ने सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए इसे बालिकाओं के भविष्य को मजबूत करने वाला कदम बताया।

# 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी हॉकी (19 वर्ष छात्र) प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**जनजाति मंत्री खराड़ी के ध्वजारोहण व उदघाटन घोषणा के साथ ही प्रतियोगिता आरम्भ, 28 टीमों ने मार्चपास्ट कर ली खेल नियमों की शपथ**






स्मार्ट हलचल | उदयपुर

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन उदयपुर में पहली बार शहर के पीएम श्री फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपोल में सोमवार को 6 दिवसीय 69 वी राष्ट्रीय विद्यालयी हॉकी (19 वर्ष छात्र) प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन एम बी कॉलेज खेल मैदान पर सोमवार को प्रातः 10 बजे हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ वंदे मातरम गायन से किया गया उसके बाद उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद प्रतिभागी टीमों के मार्च पास्ट की सलामी ली। ध्वजारोहण व उद्घाटन घोषणा के साथ ही मुख्य अतिथि खराड़ी ने कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासन का पालन करते हुए अच्छे खेल के माध्यम से अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें। उद्घाटन समारोह में राजकीय विशिष्ट रेजीडेंसी बालिका स्कूल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूपालपुरा व जगदीश चौक बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गई। अतिथियों को एनसीसी दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, पूर्व प्रधान गिरवा तख्त सिंह शक्तावत, युवा नेता भाजपा किशन चौहान, संयुक्त निदेशक महात्मा गांधी प्रकोष्ठ प्रमोद कुमार सुथार, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय डॉ लोकेश भारती, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी देशपाल सिंह शेखावत, मोहनलाल मेघवाल, मुरलीधर चौबीसा, वरिष्ठ उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) लक्ष्मण लाल सालवी, प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा) डाइट लक्ष्मण दास वैष्णव, पूर्व जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन, जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल, आयोजक स्कूल के केंद्राध्यक्ष गजेंद्र आवोत, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (स्कूल शिक्षा) उदयपुर के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह झाला, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री डॉ भैरू सिंह राठौड़, पूर्व हॉकी कोच रंजीता राम, राजस्थान कोच एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल सिंह, आयोजन सचिव प्राध्यापक धर्मेंद्र सिंह शक्तावत, बीकानेर निदेशालय से प्रतिनिधि हेमाराम जाट, एसजीएफआई के फील्ड ऑफिसर कपिल कांत, राजस्थान नेवल यूनिट के कमांडर शकील अहमद, विश्वविद्यालय क्रीड़ा मंडल के सचिव भीमराज पटेल, व्याख्याता शारीरिक शिक्षक हर्षवर्धन सिंह राव, शारीरिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह झाला, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पूर्व जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह पंवार, मुख्य कंट्रोल रूम प्रभारी महेश्वरपाल सिंह सोडा, शाला क्रीड़ा संगम के हॉकी प्रशिक्षक दिग्विजय सिंह राणावत, शारीरिक शिक्षक घनश्याम खटीक आदि मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का प्रतियोगिता को लेकर भेजा गया संदेश पढ़कर सुनाया गया। शिक्षा मंत्री दिलावर ने अपने संदेश में कहा कि आधुनिक खेल अधोसंरचना, प्रतिभा संवर्धन और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से राजस्थान की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त मंच प्राप्त हो रहा है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के जीवन में नई उपलब्धियां, पहचान और अवसरों के द्वार खोलेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक डॉ लोकेश भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, पांडिचेरी, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, डीएवी, छत्तीसगढ़, सीबीएसई, केरल, आईपीएससी, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा, विद्याभारती, तेलंगाना, उत्तराखंड जम्मू कश्मीर सहित 28 टीमों ने आज उदघाटन समारोह में मार्च पास्ट किया। प्रतियोगिता एम बी कॉलेज मैदान, बी एन कॉलेज के दो, खेल गांव स्थित अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान सहित चारों खेल मैदान पर शेड्यूल के अनुसार मैच होंगे। उद्घाटन समारोह में 31 जनवरी को सेवानिवृत होने वाले उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) माध्यमिक मुख्यालय लक्ष्मण लाल सालवी का साफा ऊपरना से शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शारीरिक शिक्षकों द्वारा ने स्वागत अभिनंदन किया।

## वरुण चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में कॉलेज का चैनल गेट बंद

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़



एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की कथित अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को एमपीपीजी कॉलेज, चित्तौड़गढ़ में एनएसयूआई कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय राव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कॉलेज का मुख्य द्वार (चैनल गेट) बंद कर छात्रों ने सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी की तथा लोकतंत्र पर हो रहे हमले का कड़ा विरोध जताया।

इस अवसर पर एनएसयूआई के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय राव ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि– 'देश में छात्र संगठनों की आवाज़ को दबाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की गिरफ्तारी पूरी तरह राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। '

उन्होंने आगे कहा कि एनएसयूआई हमेशा से छात्रों के अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी यह संघर्ष और अधिक मजबूती के साथ जारी रहेगा।

प्रदर्शन में एनएसयूआई के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में गिरफ्तारी को अविलंब वापस लेने की मांग की तथा चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अंकुश आदिवाल, अविनाश आचार्य, जिला सचिव खुशीराम ठाकुर, छात्र नेता युवराज सिंह, छात्र प्रतिनिधि महेश गाडरी, मयंक गोस्वामी, भव्या चुंडावत, शालू मंसूरी, खुशबू लोधा, आशुराज सिंह,रानू कुमावत, तन्वी सरगरा, वंदना रेगर, कमल सिंह भाटी, त्रिलोक सिंह भव्य जैन विशाल सिंह, कुणाल शर्मा सहित अनेक एनएसयूआई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जितेंद्र मेहता बने श्री वर्धमान जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष



स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** श्री वर्धमान जैन नवयुवक मंडल सेन्थी की बैठक रविवार रात्रि को दिवाकर भवन सेन्थी में आयोजित हुई।

बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश सेठिया ने नई कार्यकारिणी गठन का प्रस्ताव रखा, मंत्री दीपक कर्णावत ओर कोषाध्यक्ष प्रमोद कोठारी ने गत वर्ष का आय व्यय का प्रस्तुत कर चुनाव प्रक्रिया शुरू करवाई।

सेन्थी श्री संघ अध्यक्ष अनिल पोखरना एवं मंत्री ओम जैन शंभूपुरा के सानिध्य में हुए चुनाव में उपस्थत सभी सदस्यों ने जितेंद्र मेहता का नाम का प्रस्ताव रखा जिसके बाद सर्वसम्मति से जितेंद्र मेहता को श्री वर्धमान जैन नवयुवक मंडल सेन्थी का अध्यक्ष चुन लिया गया, भवन हर्ष हर्ष जय जय से गुंजायमान हो उठा।

श्री संघ मंत्री ओम जैन शंभूपुरा ने अध्यक्ष के लिए जितेंद्र मेहता के नाम की घोषणा करते हुए श्री संघ सेन्थी की ओर से बधाई दी, एवं ओर अधिक सदस्यों को जोड़ने और समाज के लिए हमेशा एक दूसरे के सहयोग के लिए सभी को तत्पर रहने का आव्हान किया।

नवनियुक्त अध्यक्ष मेहता ने अगली बैठक 26 जनवरी को रखी जिसमे अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे, साथ ही उन्होंने कहा की सभी ने मिलकर विश्वास जताते हुए जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी और दृढ़ता से निभाते हुए संगठन व समाज हित मे कार्य करेंगे और नवाचार कर संगठन को ओर अधिक मजबूर बनाने का निरंतर प्रयास करेंगे।

इस दौरान भगवत सिंह गिलुण्डिया, कुंदन डांगी, प्रवीण जैन, वैभव डांगी, अमित कुकड़ा, प्रदीप चोपड़ा, गौतम खेरोदिया, मनीष पगारिया, विकास चोरडिया, मनीष बोहरा, सुशील चोरडिया, अमित संजेती, सौरभ जैन, कियांश जारोली, अर्पित पोखरना आदि मौजूद रहे।

**अरावली संरक्षण की दिशा में सख्त कदम**

## उदयपुर में अवैध खनन गतिविधियों पर कसा शिकंजा

### अब तक दर्जनों कार्यवाही, तीन करोड़ की शास्ति आरोपित

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



अरावली पर्वतमाला के संरक्षण एवं अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार उदयपुर जिले में विशेष संयुक्त अभियान पूरी सख्ती के साथ संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 29 दिसंबर से अब तक जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में गठित संयुक्त निरीक्षण दलों द्वारा जिलेभर में व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई है।

खनि अभियंता आसिफ अंसारी ने बताया कि अब तक की कार्रवाई में अवैध खनन के 10 प्रकरण, अवैध भंडारण का 1 प्रकरण तथा अवैध निर्गमन के 21 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 8 खनन पट्टों का ड्रोन सर्वे कराया गया है। दो मेसोनरी स्टोन खनन पट्टों में स्वीकृत सीमा से बाहर खनन पाए जाने पर पंचनामा तैयार कर संबंधित पट्टाधारकों को सुनवाई का अवसर देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा अब तक लगभग तीन करोड़ रुपये की शास्ति आरोपित की जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि अरावली क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर अलवर, जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमंद, उदयपुर सहित कुल 20 अरावली विस्तार जिलों में 29 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक संयुक्त विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर नमित मेहता ने खान, वन, पर्यावरण, राजस्व, पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर अवैध खनन गतिविधियों के विरूद्ध जीरो टोलरेंस नीति के साथ कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए थे। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए उपखण्ड स्तर पर संयुक्त टीमों के गठन, संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी, अवैध गतिविधियों में संलिप्त मशीनरी एवं वाहनों की त्वरित जब्ती, ड्रोन सर्वेक्षण के उपयोग, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा विभिन्न विभागों द्वारा समानांतर कठोर कानूनी कार्रवाई की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 में कुछ खनन पट्टों में उत्पादन में अत्यधिक अंतर पाए जाने पर कुल 9 खनन पट्टों को चिन्हित करते हुए वास्तविक स्थिति की पुष्टि हेतु आरएसएमईटी के माध्यम से ड्रोन सर्वे कर वॉल्यूमेट्रिक गणना कराई गई।

## पानेरी-मेनारिया समाज की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

उदयपुर के पानेरी-मेनारिया समाज ने रविवार को हेमराज राष्ट्रीय व्यायाम शाला में भव्य खेलकूद कार्यक्रम खेल-खेल में और पानेरी-मेनारिया प्रीमियर लीग का आयोजन किया। इस आयोजन में समाज के बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

**'क्रिकेट प्रतियोगिता में पानेरी रॉयल्स की जीत'**

पानेरी-मेनारिया प्रीमियर लीग का खिताबी मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें पानेरी रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेनारिया टाइगर को 25 रनों से हराकर कप्तान महेश पानेरी ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया।

**'15 खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाया अपना जलवा'**

इस आयोजन में महिला, पुरुष और बच्चों के लिए रिंग रेस, कुर्सी रेस, बलुन रेस जैसी 15 खेल प्रतियोगिताओं में 3 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सभी विजेताओं को मेडल और उपहार प्रदान किये गए।

**'समाज की कार्यकारिणी और वरिष्ठ सदस्यों का विशेष योगदान'**

कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की कार्यकारिणी और वरिष्ठ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। आयोजन के दौरान समाज के संरक्षक दयाशंकर पानेरी व तीर्थराज मेनारिया, पूर्व अध्यक्ष लोकेश नारायण पानेरी और सलाहकार अनिल जोशी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन और प्रबंधन समाज अध्यक्ष मोहित मेनारिया, उपाध्यक्ष पंकज पानेरी, संगठन मंत्री दिलीप पानेरी, कोषाध्यक्ष दर्पण पानेरी, सांस्कृतिक मंत्री प्रवीण पानेरी के साथ-साथ महिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति पानेरी और समन्वयक श्रीमती डिंपल जोशी द्वारा किया गया। वृहद स्तर पर समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

## वरिष्ठ नागरिक को भीलवाड़ा से जगन्नाथपुरी की यात्रा प्रारंभ

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** भीलवाड़ा से जगन्नाथपुरी की यात्रा के लिए सोमवार को वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की ट्रेन रवाना की गई ।जिसमें 327 यात्रियों को भीलवाड़ा जिले के 264 ब्यावर जिले के 63 से यात्रा पर रवाना हुए जो यात्री लगभग 17 जनवरी को यात्रा कर वापस लौटेंगे ।यात्रा में जगन्नाथ पुरी कोणार्क सूर्य मंदिर यात्रा की जाएगी जिसमें ओमवीर सिंह टाडा निरीक्षक देवस्थान विभाग जोधपुर एवं भोजराज अग्रवाल निरीक्षक देवस्थान विभाग अजमेर सीताराम मीणा वरिष्ठ लिपिक देवस्थान विभाग अजमेर एवं अर्जुन सिंह सोलंकी प्रबंधक सिंगोली श्याम भीलवाड़ा देवस्थान विभाग के कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

## हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ चित्रकूट नगर वेलफेयर सोसायटी का नव वर्ष मिलन समारोह

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



चित्रकूट नगर वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में रविवार को चित्रकूट नगर स्थित सुविन रेजिडेन्सी में 'नव वर्ष मिलन समारोह एवं वर्ष 2026 कैलेंडर विमोचन' कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस स्नेह भोज और मिलन समारोह में कॉलोनी के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा थे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी मण्डल अध्यक्ष श्री मुकेश जोशी उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह का मुख्य आकर्षण वर्ष 2026 के विशेष कैलेंडर का विमोचन रहा। मुख्य अतिथि फूलसिंह मीणा ने सोसायटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और संगठन की भावना मजबूत होती है। विशिष्ट अतिथि मुकेश जोशी ने भी नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस दौरान सोसायटी सदस्य एवं पूर्व न्यायाधीश श्री शिव सिंह चौहान ने विधायक के समक्ष कॉलोनी के विकास से जुड़े दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे। श्री चौहान ने मांग की कि कॉलोनी के सामुदायिक भवन के उपयोग में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता दी जाए और उनके लिए शुल्क में विशेष रियायत प्रदान की जाए। कॉलोनी के पार्कों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए, उनके बेहतर रखरखाव की जिम्मेदारी यूडीए ( उदयपुर विकास प्राधिकरण) को सौंपने का प्रस्ताव दिया गया। विधायक फूलसिंह मीणा ने इन प्रस्तावों को गंभीरता से सुना और कॉलोनी वासियों को आश्वस्त किया कि इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों की सुविधाओं का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता है और इन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम आयोजक मंडल में सोसायटी के अध्यक्ष तेजप्रकाश शर्मा,सचिव सुरेन्द्र कुमार जैन,कोषाध्यक्षअभयसिंह चुण्डावत,संयोजक हिम्मतसिंह राव एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सचिव सुरेन्द्र कुमार जैन ने सभी आगंतुकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## विराट उत्तरायण अर्घ्य पर्व, 551 जोड़े भगवान सूर्य को देंगे अर्घ्य



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

शहर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 14 जनवरी को प्रातः 8 बजे विराट उत्तरायण अर्घ्य पर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गोवर्धन सागर रिंग रोड स्थित पन्नाधाय पार्क (पन्ना पार्क) में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक पंकज सुखवाल ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति के उत्कर्ष एवं विश्व शांति की कामना है। इस अवसर पर सूर्य पताका का आरोहण किया जाएगा तथा देश की पांच पवित्र नदियों के जल से 551 जोड़ों द्वारा भगवान सूर्य को सामूहिक अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।

आयोजन की तैयारियों के तहत सूर्य पताकाओं का वितरण एवं निमंत्रण पत्र देकर आमजन को आमंत्रित किया गया। इस क्रम में सेक्टर-14, गोवर्धन विलास गांव एवं आसपास के उपनगरीय क्षेत्र बालाजी नगर में घर-घर जाकर नागरिकों को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया। विशेष रूप से स्व. कन्हैयालाल टेलर के निवास पर जाकर उनकी धर्मपत्नी एवं सुपुत्र को भी निमंत्रण दिया गया। इस निमंत्रण अभियान में विजय जोशी, हरीश शर्मा, राजेश गुर्जर, नवीन अग्रवाल, गोपाल कुमावत, गोकुल झा, सत्यप्रिय आर्य, सतीश बंसल, प्रदीप सक्सेना सहित बालाजी नगर विकास समिति एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के पदाधिकारी उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त सहस्त्र ओदीच्य समाज को भी आज कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर समाज की अध्यक्षा इंदिरा शर्मा एवं विनोद बिहारी शर्मा उपस्थित रहे और उन्होंने समाज की ओर से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

## माही टॉक फेस्ट 4.0 का पोस्टर विमोचन, 23 से 25 जनवरी तक होगा आयोजन

### जीजीटीयू में होगा आयोजन

स्मार्ट हलचल | बांसवाड़ा



गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा एवं विश्व संवाद केंद्र, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले साहित्य, संवाद एवं कला के उत्सव 'माही टॉक फेस्ट 4.0 - एकात्म भारत' के पोस्टर का विधिवत विमोचन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। प्रो. ठाकुर ने पोस्टर विमोचन करते हुए इसे अब तक का अनूठा आयोजन बताया और कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वागड़ अंचल के युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगा।

युवा संवाद व सृजन का उत्सवः

कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि माही टॉक फेस्ट क्षेत्र की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं बौद्धिक विरासत को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने का सशक्त माध्यम बनेगा और युवाओं को संवाद व सृजन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव 23 से 25 जनवरी 2026 तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। पोस्टर विमोचन अवसर पर माही टॉक फेस्ट की कोर कमेटी के सदस्य डॉ. सुनील खटीक एवं श्रीमती रूचि श्रीमाली उपस्थित रहे। इस अवसर पर आशीष उपाध्याय, रणधीर व्यास एवं देवांश गोस्वामी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से उप कुलसचिव प्रो. राजेश जोशी, अकादमिक प्रभारी प्रो. शफकत राणा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रमोद वैष्णव, निदेशक शोध प्रो. नरेन्द्र पानेरी, सम्बद्धता प्रभारी डॉ. राकेश डामोर तथा सहायक कुलसचिव डॉ. लोकेन्द्र कुमार मौजूद रहे और इस आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय सहभागिता को आश्वस्त किया।

फेस्ट में होंगी विविध गतिविधियांः

कोर कमेटी के डॉ. सुनील ने बताया कि माही टॉक फेस्ट 4.0 के अंतर्गत विविध प्रदर्शनियां, साहित्यिक चर्चा सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रदर्शनियों में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) एवं अन्य प्रकाशकों द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी, संविधान पर आधारित चित्र प्रदर्शनी, जनजातीय नायकों तथा विभाजन की विभीषिका पर केंद्रित प्रदर्शनियां शामिल हैं। साहित्यिक चर्चा सत्रों में लोक साहित्य में एकात्म, आकाशवाणी व साहित्य, आनंद मठ - वंदे मातरम् के 150 वर्ष तथा राष्ट्र साधना की शताब्दी जैसे विषयों पर विमर्श होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वीरबाला काली बाई पर कठपुतली प्रदर्शन, मीरा बाई पर म्यूजिकल स्टोरी, रानी अबक्का पर नाट्य मंचन, बावरी साधना का मंचन एवं मल्लखंभ का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

इसके अतिरिक्त रिल्स मेकिंग (नागरिक शिष्टाचार), कहानी कथन (वागड़ में आध्यात्मिक धारा) एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में नेशनल बुक ट्रस्ट सहित देशभर के प्रतिष्ठित प्रकाशनों की पुस्तकों की उपलब्धता रहेगी। सहभागिता एवं स्वयंसेवी पंजीकरण हेतु पोस्टर पर दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है।

# उपखंड एक ऐसा गांव जहां की तस्वीरें भयावह, ग्रामीण भयंकर परेशान

**प्रशासनिक उदासीनता के चलते सालभर में भी नहीं हुआ समाधान**

स्मार्ट हलचल| लाखेरी

उपखंड क्षेत्र के देईखेड़ा रेबारपुरा पंचायत का छोटा सा गांव छप्पनपुरा आज भी प्रशासनिक लापरवाही और सिस्टम की सुस्ती का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। गांव के सैकड़ों ग्रामीण बीते एक साल से अपनी बुनियादी समस्याओं को लेकर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदार अफसरों और जनप्रतिनिधियों की नींद अब तक नहीं टूटी। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने पिछले एक वर्ष में जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी, सरपंच और विकास अधिकारी तक को कई बार ज्ञापन सौंपे, मगर नतीजा शून्य रहा। हर बार सिर्फ आश्वासन मिले, समाधान आज तक नहीं।

### स्कूल का रास्ता भी कब्जे में, बच्चों की शिक्षा पर संकट

गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाली सड़क पर कुछ दबंग लोगों द्वारा जालियां लगाकर अवैध कब्जा कर लिया गया है। हालत यह है कि छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को स्कूल और अन्य जरूरी स्थानों तक पहुंचने में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता न केवल शिक्षा का माध्यम है, बल्कि गांव की जीवनरेखा भी है।

### हैंडपंप पर ताले, पानी के लिए मची त्राहि-त्राहि

इतना ही नहीं, गांव के हैंडपंप पर भी दबंगों का कब्जा है। जालियां लगाकर आमजन को पानी लेने से



रोका जा रहा है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, लेकिन प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर भी आंखें मूंदे बैठा है। ग्रेवल सड़क सिर्फ कागजों में, हकीकत में कीचड़ और गड्ढे हैं।

ग्रामीणों की मांग है कि गांव में ग्रेवल सड़क का निर्माण कराया जाए, लेकिन यह मांग भी फाइलों में ही दबकर रह गई है। बरसात के दिनों में सड़क की हालत इतनी खराब हो जाती है कि गांव से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाता है। मरीजों, गर्भवती महिलाओं और स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है।

### प्रशासनिक उदासीनता से बढ़ रहा आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है कि जब बार-बार शिकायत और ज्ञापन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती, तो प्रशासन पर से भरोसा उठने लगता है। गांव में अब आक्रोश पनपने लगा है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और उग्र विरोध करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### सवालों के घेरे में जिम्मेदार अफसर

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या छप्पनपुरा गांव प्रशासन की नजरों से ओझल है? क्या ग्रामीणों की समस्याएं इतनी गंभीर हैं कि एक साल में भी उनका समाधान नहीं हो पाया? या फिर सिस्टम सिर्फ कागजी कार्यवाही तक ही सीमित रह गया है?

अब देखना यह होगा कि यह बयान भी पहले की तरह महज एक आश्वासन साबित होता है या फिर छप्पनपुरा गांव को वाकई राहत मिलती है। ग्रामीणों की नजरें प्रशासन पर टिकी हैं और सब्र अब जवाब देने लगा है।

> इस पूरे मामले पर रेबारपुरा पंचायत के सचिव का कहना है, कि में इस मामले को देख रहा हूं। आज मैं जयपुर में हूं। पंचायत का टेंडर हो चुका है। एक-दो दिन में सफाई कार्य करवा दिया जाएगा।
> **ओमप्रकाश नामा सचिव**

# राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया



स्मार्ट हलचल

**वैर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति न्यायालय परिसर वैर द्वारा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। तालुका विधिक सेवा समिति वैर के सचिव कन्नू जैन ने बताया कि वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नमो नारायण मीणा ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया एवं युवा पीढ़ी को आगे का भविष्य बताया, साथ ही वर्तमान में युवा पीढ़ी जिन गलत रास्ते पर बढ़ रही है जिसमें नशे की लत, ड्रग्स का उपयोग एवं अन्य नशीली दवाओं का उपयोग करना आदि के विरुद्ध 'नशे को ना और सुरक्षित जीवन को हां' का संदेश देते हुए बाल विवाह अपराध है एवं शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है के बारे में सभी को जागरूक किया। न्यायाधीश महोदय द्वारा न्याय प्रणाली एवं कानून संबंधी जानकारी भी दी गई। इससे पूर्व विद्यालय प्रांगण में पधारे नमो नारायण मीणा न्यायाधीश महोदय, कन्नू जैन सचिव, तालुका विधिक सेवा समिति वैर द्वारा स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया एवं प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# बजट पूर्व संवाद में राठौड़ ने किसानों-पशुपालकों के लिए रखे व्यापक सुझाव

## डेयरी विकास, ऋण माफी, गोपाल क्रेडिट कार्ड विस्तार व हाड़ी रानी सरस प्लाजा की मांग

स्मार्ट हलचल| कोटा

मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर में आयोजित बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ एवं कोटा सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने किसानों, पशुपालकों और डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास हेतु आगामी बजट में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

राठौड़ ने हाड़ी रानी सरस प्लाजा की स्थापना की मांग करते हुए कहा कि एक आधुनिक एवं आकर्षक भवन का निर्माण किया जाए, जहां सरस के समस्त उत्पादों की बिक्री के साथ छोटे आयोजनों एवं कार्यक्रमों हेतु हॉल की सुविधा भी उपलब्ध हो। इससे सरस उत्पादों को बेहतर विपणन मंच मिलेगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि के साथ-साथ पशुपालन को भी समान प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



राठौड़ ने महिला दुग्ध समितियों को प्रोत्साहन राशि देने तथा समितियों के उपविधानों में संशोधन याद्वारा दुग्ध के साथ अन्य आवश्यक उत्पादों की बिक्री की अनुमति देने की मांग की, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें और आय के नए स्रोत विकसित हों।

### कृषि ऋण माफी की मांग

राठौड़ ने राज्य सरकार से मांग की कि वर्ष 2026-27 की अवधि में सहकारी भूमि विकास बैंक के माध्यम से लिए गए ऋणों की 50 प्रतिशत राशि माफ की जाए। साथ ही विवादित एवं अतिक्रमित कृषि भूमि को भी योजना में सम्मिलित करने तथा बिना रहन वाले गिरवी प्रकरणों में राहत देने का सुझाव दिया। उन्होंने धारा 89/103 के अंतर्गत बैंक संपत्ति घोषित कृषि भूमि को भी मुआवजा योजना में शामिल करने की आवश्यकता बताई।

### राज्य बैंक सुदृढ़ीकरण पर जोर

उन्होंने भूमि विकास बैंकों में लंबे समय से लंबित भर्तियों को शीघ्र प्रारंभ करने, 20-25 वर्षों से कार्यरत संविदाकर्मियों के नियमितीकरण तथा भवन एवं फर्नीचर के आधुनिकीकरण हेतु बजटीय प्रावधान किए जाने की मांग रखी।

### दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन

राठौड़ ने गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत भूमि विकास बैंक को भी शामिल करने तथा निजी डेयरियों को मान्यता दिलाने के प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे दुग्ध उत्पादकों को वित्तीय सशक्तिकरण मिलेगा और संगठित डेयरी नेटवर्क को मजबूती मिलेगी।

### 2 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के डेयरी प्लांट का प्रस्ताव

राठौड़ ने कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अंतर्गत 2,00,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता का अत्याधुनिक, तकनीकी आधारित डेयरी प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि इससे दुग्ध उत्पादकों को उचित मूल्य प्राप्त होगा तथा प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के विस्तार की मांग

उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र में कार्यरत दुग्ध उत्पादक समितियों को भी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ देते हुए 2 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने की मांग की। राठौड़ ने पशु आहार, चारा एवं पशु चिकित्सा सेवाओं हेतु सस्ती वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने तथा मत्स्यपालन क्षेत्र की सहकारी समितियों को भी योजना में सम्मिलित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर राज-स्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल सहित वरिष्ठ अधिकारी, किसान, पशुपालक एवं डेयरी संघों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वैर में 'कैरियर डे' का भव्य आयोजन



## छात्राओं को भविष्य की राह चुनने के लिए किया गया प्रेरित

स्मार्ट हलचल

**भरतपुर।** जिले के कस्बा वैर में स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, वैर में आज शासन के निर्देशानुसार 'कैरियर डे' (कैरियर दिवस) का आयोजन अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा, विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और भविष्य की स्वरोजगार संभावनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। समारोह का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका अग्रवाल एवं मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत और प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

### विशेषज्ञों का मार्गदर्शन:

कैरियर डे के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। मुख्य वक्ताओं ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग गलाकाट प्रतिस्पर्धा का है, जिसमें सही समय पर सही दिशा का चयन करना अनिवार्य है। छात्राओं को निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई ।कौशल विकासः सिलाई, कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल मार्केटिंग और अन्य स्वरोजगार आधारित विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा, 'आज की बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। कैरियर डे के माध्यम से हम उन्हें

इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, एसएमसी सदस्य, स्थानीय गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सत्यप्रकाश शर्मा व्याख्याता हिंदी साहित्य द्वारा किया गया और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया

स्मार्ट हलचल|धौलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धौलपुर नगर द्वारा महान राष्ट्रचिंतक, युवाओं के प्रेरणापुंज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय, धौलपुर में एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से जोड़ते हुए राष्ट्रनिर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका हेतु प्रेरित करना रहा। जयपुर प्रांत उपाध्यक्ष धर्मवीर मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि 'स्वामी विवेकानंद जी केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि जाग्रत राष्ट्रचेतना के प्रतीक थे। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, अनुशासन और सेवा के मार्ग पर चलकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का सपना दिखाया। उन्होंने कहा कि आज का युवा स्वामी जी के विचारों को आत्मसात कर ले, तो सामाजिक, शैक्षणिक एवं राष्ट्रीय चुनौतियों का समाधान संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे



राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य नीलम ने उद्बोधन में कहा कि 'स्वामी विवेकानंद जी के विचार समय की सीमाओं से परे हैं। आज के विद्यार्थी यदि उनके आदर्शों कर्तव्यनिष्ठा, आत्मानुशासन एवं मानव सेवा को अपनाएं, तो निश्चित सशक्त समाज का निर्माण होगा। कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, उनके शिकागो धर्म संसद के ऐतिहासिक उद्बोधन, युवाओं के प्रति उनके संदेश तथा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत विचारों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर अभाविप के नगर उपाध्यक्ष हैलेन्द्र नाथ, जिला समिति सदस्य धीरेंद्र कुशवाह, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 8500 दवा केंद्रों में स्टाफ संकट, फार्मासिस्ट संघ का ने सौंपा ज्ञापन

## फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ ने ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन, बजट में नए पद सृजन व शीघ्र भर्ती की मांग

स्मार्ट हलचल|कोटा

राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ (एकीकृत), जिला कोटा शाखा द्वारा ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को निःशुल्क दवा योजना के सुचारू संचालन एवं आमजन की सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष डॉ. महावीर प्रसाद खींची, राजीव वर्मा, लोकेश चतुर्वेदी, मुरारीलाल नागर, विनोद सोन, बृजेश नागर एवं पंकज नागर उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष डॉ. महावीर प्रसाद खींची ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर में विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सेटेलाइट चिकित्सालय, उपजिला चिकित्सालय एवं सीएमएचओ कार्यालयों के माध्यम से लगभग 4000 सब-स्टोर एवं 4500 दवा वितरण केंद्र, कुल लगभग 8500 केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से करीब 4000 दवा वितरण केंद्र एवं सब-स्टोर वर्तमान में फार्मासिस्ट के बिना संचालित हो रहे हैं।

फार्मासिस्ट की अनुपलब्धता के कारण रोगियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पतालों में रोगी भार अधिक होने से मरीजों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है और आमजन का अधिकांश समय अस्पतालों की लाइनों में ही व्यतीत हो जाता है।



उन्होंने बताया कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 तथा फार्मेसी एक्ट 1948 के अंतर्गत बिना फार्मासिस्ट के दवाओं का वितरण एवं भंडारण करना गैर-कानूनी है। फार्मासिस्ट संवर्ग में भारी कमी के कारण प्रदेश के अनेक संस्थानों में लगभग 4000 दवा वितरण केंद्र या तो बंद हैं अथवा बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा दवा वितरण केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, किंतु बढ़ते रोगी भार के अनुपात में, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, फार्मासिस्टों के स्वीकृत पदों में आवश्यक वृद्धि नहीं की गई है, जिससे मरीजों को योजना का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है।

संघ ने मांग की कि आगामी बजट में दवा वितरण केंद्रों पर फार्मासिस्ट के नवीन पद सृजित किए जाएं तथा लंबित फार्मासिस्ट भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके अतिरिक्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवा वितरण केंद्र एवं औषधि भंडार (सब-स्टोर) के समुचित प्रबंधन हेतु एक अतिरिक्त फार्मासिस्ट की नियुक्ति की भी मांग की गई, जिससे दवा भंडारण, रिकॉर्ड संधारण एवं जीवनरक्षक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

# बाबडी पट्टी में 9 परछा कड़ी बाजरे की प्रसादी का किया वितरण



स्मार्ट हलचल|सूरौठ

कस्बे की बावड़ी पट्टी में शिवालय के पास स्थित दादी के ओटा पर सोमवार को अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने कड़ी बाजरे की प्रसादी पाई। अन्नकूट कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:00 भोलेनाथ का भोग लगाकर की। समस्त बावड़ी पट्टी के सहयोग से आयोजित इस अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम में 5 परछा बाजरा एवं 4 परछा कड़ी की प्रसादी वितरित की गई। कड़ी बाजरे की प्रसादी का वितरण देर सांय तक किया गया। बताया गया कि हर वर्ष की भांति बावड़ी पट्टी के लोगों के सहयोग से यह पांचवा अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ है।

# स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



स्मार्ट हलचल| करौली

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में आज स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथी भीम सिंह द्वि इकाई प्रचारक कैलादेवी,करौली और विशिष्ट अतिथी संजय मुद्गल(व्याख्याता) जिला मुख्य मार्ग प्रमुख रहे। युवा दिवस के अवसर पर भीम सिंह ने विवेकानंद की शिक्षाओं को जीवन में ग्रहण करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका पर बल दिया।संजय मुद्गल ने बताया कि विद्यार्थियों को विवेकानंद के जीवन से संस्कार,भारतीय संस्कृति का अनुकरण करना चाहिए।गोविंद सहाय प्रजापत ने सभी अतिथियों का विद्यालय स्मृति चिन्ह और विवेकानंद के दुपट्टे के साथ स्वागत किया।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त सुरभी ओझा,द्वितीय स्थान आकाश कश्यप,तृतीय स्थान जयवर्धन, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उदय सिंह,द्वितीय स्थान खुशी शर्मा, तृतीय कोमल ने प्राप्त किया इन विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल से राजेश कुमार मीणा ने मंच संचालन किया। सतीश कुमार शर्मा, मुकेश कुमार मीणा, रमेश चंद्र मीणा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कोटा में 'पिक्सल्स' की 'ऑल इंडिया डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्फ्रेंस' संपन्न

## पिक्सल्स की ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस संपन्न, जम्बू से महाराष्ट्र व कच्छ-कटक तक जुटे डिस्ट्रीब्यूटर, 36 वर्षों की अटूट विश्वास की यात्रा के साथ नए युग का आगाज़

स्मार्ट हलचल|कोटा

पावर इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी 'पिक्सल्स' ने कोटा के 'निजि होटल में अपनी 'ऑल इंडिया डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्फ्रेंस 2026' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस गरिमामय कार्यक्रम में देश के 10 से अधिक राज्यों के 100 से ज्यादा प्रमुख वितरकों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में जम्बू से महाराष्ट्र तक, कच्छ से कटक तक से आए देशभर के 10 से अधिक राज्यों के 100 से ज्यादा प्रमुख डिस्ट्रीब्यूटर ने उपस्थिती दर्ज कराकर कम्पनी के साथ अपने अनुभव शेयर किए। कई वरिष्ठ डिस्ट्रीब्यूटर ने अपने 30 से 40 वर्षों के व्यापारिक अनुभव साझा करते हुए कंपनी के साथ बने भरोसे और अपनत्व को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ डिस्ट्रीब्यूटर को सम्मानित भी किया गया। पिक्सल्स के संस्थापक सुनील बाफना ने बताया कि कैसे पिक्सल्स ने 90 के दशक में कंप्यूटर के लिए सीवीटी और यूपीएस से शुरुआत की, फिर टीवी, एसी और फ्रिज के लिए स्टेबलाइजर्स और घर के पावर बैकअप के लिए इनवर्टर के क्षेत्र में अपनी धाक जमाई। उन्होंने घोषणा की कि कंपनी अब भविष्य की तकनीक 'लिथियम-आयन आधारित होम यूपीएस' लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। श्री बाफना ने कहा कि उनके वितरक ही कंपनी की असली नींव रहे हैं। आज उनकी अगली पीढ़ी–अमन बाफना और आयुष बाफना (दोनों आईआईटी और आईआईएम से शिक्षित)–कंपनी के साथ जुड़ चुके हैं, जिन्होंने कार्यप्रणाली को पूरी तरह प्रोफेशनल बनाया है, लेकिन पार्टनर्स के साथ गहरे संबंधों का सम्मान हमेशा कंपनी की प्राथमिकता बना रहेगा।




कंपनी के भविष्य के रोडमैप पर चर्चा करते हुए अमन बाफना ने बताया कि पिक्सल्स ने ऑटोमेशन और आईटी में भारी निवेश करके उद्योग में 'कॉस्ट लीडर' के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि उनकी मजबूत क्वालिटी कंट्रोल और आरएंडडी टीम यह सुनिश्चित करती है कि उत्पाद पूरी तरह 'मेंटेनेंस फ्री' हों। इसी कुशलता के कारण पिक्सल्स आज राष्ट्रीय ब्रांडों के स्तर की गुणवत्ता बहुत ही प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्रदान कर पा रहा है।

आयुष बाफना ने बाजार की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती मांग और बिजली आपूर्ति की जटिलताओं के बीच पिक्सल्स अगले 10 वर्षों में तीव्र विकास के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अपने अखिल भारतीय वितरण और सर्विस नेटवर्क, ऑन-ग्राउंड सेल्स टीम और मल्टी-चैनल मार्केटिंग के दम पर पिक्सल्स आज बाजार में एक बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने और बड़े राष्ट्रीय ब्रांडों को चुनौती देने की स्थिति में है।

सम्मेलन का समापन एक भव्य पुरस्कार समारोह के साथ हुआ, जिसमें कंपनी के साथ लंबे समय से जुड़े पुराने पार्टनर्स और पिक्सल्स को नेशनल ब्रांड बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नए वितरकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी आए हुए वितरकों को कोटा शहर का भ्रमण भी कराया गया, जहाँ उन्होंने कोटा की सुंदरता और यहाँ के विकास की जमकर प्रशंसा की। पिक्सल्स ने इस सम्मेलन के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अपनी पारंपरिक जड़ों और आधुनिक तकनीक के मेल से भारतीय बाजार में एक नई क्रांति लाने को तैयार है।

# अचानक केकड़ी विधानसभा पहुंचे किसान नेता नरेश मीणा, सावर बस स्टैंड पर दमदार शक्ति प्रदर्शन से हिली स्थानीय राजनीति

## 2028 चुनाव की सियासी बिसात अभी से बिछती नजर आई

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ महासचिव और किसान नेता नरेश मीणा की रविवार देर शाम केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में अचानक मौजूदगी ने स्थानीय राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। सावर बस स्टैंड पर कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए जोशीले स्वागत ने संकेत दिया कि यह दौरा भले ही निजी बताया जा रहा हो, लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं। यह नरेश मीणा का केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में पहला निजी दौरा बताया जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह दौरा केवल व्यक्तिगत मुलाकातों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे 2028 के विधानसभा चुनावों की रणनीति हो सकती है। एक सक्रिय और जनाधार वाले नेता का अचानक किसी विधानसभा क्षेत्र में पहुंचना महज संयोग नहीं माना जा रहा। केकड़ी विधानसभा क्षेत्र सामाजिक, राजनीतिक और जातिगत रूप से राजस्थान की संवेदनशील सीटों में से एक है। यहां जाट, गुर्जर, मीणा, लोधा, रेगर समाज के साथ-साथ आदिवासी, दलित और मुस्लिम वोट बैंक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस सीट पर चुनावी मुकाबले अक्सर त्रिकोणीय या बहुकोणीय होते रहे हैं। नरेश मीणा की गुर्जर और मीणा समाज में मजबूत पकड़ तथा युवाओं में लोकप्रियता इस सीट के जातीय समीकरणों को प्रभावित कर सकती है।

इस दौरे के बाद राजनीतिक गलियारों में तीसरे मोर्चे के गठन की चर्चाएं तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक



हनुमान बेनीवाल, आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो चंद्रशेखर आजाद, भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रोत और नरेश मीणा के बीच वैचारिक समानता और राजनीतिक संवाद देखा गया है। यदि इन नेताओं का संभावित गठजोड़ केकड़ी विधानसभा में बनता है, तो यह राजस्थान की राजनीति में नए समीकरण बना सकता है।किसान नेता नरेश मीणा के केकड़ी दौरे ने स्थानीय राजनीति में हलचल मचा दी है, जिससे 2028 के विधानसभा चुनावों को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि तीसरे मोर्चे ने केकड़ी में अपनी पकड़ मजबूत की, तो इसका सीधा असर कांग्रेस के चुनावी समीकरणों पर पड़ सकता है।

पिछले कुछ वर्षों में देवली-उनियारा उपचुनाव और 2023 के विधानसभा चुनावों में छबड़ा-छीपाबड़ौद जैसे क्षेत्रों में इन नेताओं की सक्रियता ने बड़े राजनीतिक दलों को चुनौती दी है। इसी पृष्ठभूमि में, केकड़ी में संभावित तीसरे मोर्चे के गठन को लेकर कांग्रेस खेमे में अंदरूनी चिंताएं बढ़ रही हैं। हालांकि 2028 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं और तब तक कई राजनीतिक घटनाक्रम हो सकते हैं, नरेश मीणा के इस दौरे ने स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य की राजनीति की नींव रखी जा रही है। इसे मात्र एक निजी दौरा मानकर अनदेखा करना एक राजनीतिक भूल हो सकती है।

इस घटनाक्रम का एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि केकड़ी के वर्तमान विधायक शत्रुघ्न गौतम और नरेश मीणा के बीच पारिवारिक संबंध मधुर बताए जाते हैं। हालांकि, राजनीति में अक्सर निजी रिश्ते सत्ता की लड़ाई में पीछे छूट जाते हैं और चुनावी रणभूमि में राजनीतिक हित तथा समीकरण अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

नरेश मीणा आज भी सचिन पायलट को अपना बड़ा भाई मानते हैं। कांग्रेस के भीतर जिन नेताओं ने सचिन पायलट को कमजोर करने का प्रयास किया है, उनसे नरेश मीणा की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जारी है, और 2028 में यह टकराव और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। नरेश मीणा की सबसे बड़ी ताकत युवा वर्ग में उनका गहरा प्रभाव है। किसान आंदोलन से लेकर सामाजिक मुद्दों तक उनकी सक्रियता ने उन्हें एक मुखर और संघर्षशील नेता के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि जहां नरेश मीणा सक्रिय होते हैं, वहां पारंपरिक राजनीतिक समीकरण प्रभावित होते हैं। 2028 का चुनावी माहौल अभी से गरमाने लगा है। यह दौरा भविष्य की राजनीति का संकेत है या किसी बड़े सियासी बदलाव की शुरुआत, यह तो समय बताएगा, लेकिन इतना तय है कि केकड़ी की राजनीति अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आ चुकी है। यात्रा के दौरान छानबास सुर्या सरपंच आरडी गुर्जर,नापाखेडा पुर्व सरपंच दुर्गा लाल गुर्जर, एडवोकेट मानसिंह मीणा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विद्यालय के बालकों ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली



स्मार्ट हलचल

**उनियारा।** शहर के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को उनियारा पुलिस थाने का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और पुलिसकर्मियों से सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

थानाधिकारी कालूराम ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें थाने के विभिन्न कक्षों का भ्रमण करवाया। उन्होंने ड्यूटी ऑफिसर की भूमिका, एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, वायरलेस सेट के उपयोग और सीसीटीवी कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भ्रमण के दौरान पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा में उपयोग होने वाले उपकरणों और हथियारों के बारे में भी बच्चों को बताया, जिसे जानकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। विद्यार्थियों ने पुलिस की वर्दी, अनुशासन और जिम्मेदारियों के महत्व को भी समझा। वहीं महिला डेस्क पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच और महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

### जागरूकता का संदेश

थानाधिकारी कालूराम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस समाज की रक्षक है और बच्चों को पुलिस से डरने के बजाय उन्हें अपना मित्र समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर एएसआई रतनलाल, हेड कांस्टेबल रमेशचंद, पुलिस स्टाफ, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रनायक को किया नमन

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती के पावन अवसर पर सोमवार को भारत विकास परिषद सावर द्वारा श्रद्धा, संकल्प और राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद सदस्यों ने स्थानीय विवेकानंद स्मारक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी विचारों और राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए परिषद सदस्यों ने कहा कि विवेकानंद के विचार आज भी युवाशक्ति के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सशक्त, आत्मनिर्भर और संस्कारित भारत का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद सावर द्वारा नववर्ष का वार्षिक कैलेंडर भी वितरित किया गया, जिसमें परिषद की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों को दर्शाया गया।

इस गरिमामय आयोजन में भारत विकास परिषद सावर के सदस्य अंकित जैन, सतेंद्र राव, दिनेश माली,विक्रम सिंह शक्तावत,चंद्र प्रकाश वैष्णव, निरंजन शर्मा,अनिल झांकल, भगवत सिंह शक्तावत सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध बजरी जब्ती पर बवाल, रेंजर को धमकी, जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में ट्रैक्टर छुड़ाए



स्मार्ट हलचल




**ब्यावर।** ब्यावर में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई उस समय विवादों में घिर गई जब एसआईटी टीम के सदस्य एवं वन विभाग के रेंजर अश्विनी पारीक द्वारा पकड़े गए अवैध बजरी व चीजा पत्थर से भरे ट्रैक्टर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जबरन छुड़ा लिए गए। घटना के बाद रेंजर को खुलेआम धमकी देने का भी मामला सामने आया है, लेकिन अब तक न तो मामला दर्ज हुआ और न ही ठोस कार्रवाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात गश्त के दौरान रेंजर अश्विनी पारीक ने दो ट्रैक्टर अवैध रूप से बजरी व चीजा पत्थर परिवहन करते पकड़े। परिवहन से संबंधित कोई रसीद या रवाना प्रस्तुत नहीं करने पर दोनों ट्रैक्टर वन विभाग कार्यालय में खड़े करवा दिए गए।

रविवार सुबह देलवाड़ा के सरपंच पति राजेंद्र चौधरी उर्फ पिंटू अपने साथ करीब 60-70 युवकों को लेकर वन विभाग कार्यालय पहुंचे और गाली-गलौज व हंगामा शुरू कर दिया। रेंजर पारीक व अन्य कर्मचारियों ने समझाइश का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। आरोप है कि रेंजर को ट्रैक्टर से कुचल देने तक की धमकियां दी गईं।

स्थिति बिगड़ती देख रेंजर ने पुलिस को सूचना दी। इसी बीच प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय विधायक शंकर सिंह रावत को भी मौके पर बुला लिया। बताया गया कि विधायक ने रेंजर की बात सुने बिना उनसे शिकायतों की बात कही। रेंजर ने मर्यादा बनाए रखते हुए कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया, लेकिन इसी दौरान जब्त ट्रैक्टर बिना किसी सूचना व रसीद के मौके से निकाल लिए गए। बजरी से भरे ट्रैक्टर के निकलते समय ग्रामीणों ने हूटिंग भी की।

घटना के बाद वन विभाग के अधिकारी शिकायत लेकर जिला कलेक्टर के निवास पहुंचे, लेकिन वे बाहर थे। एसडीएम दिव्यांश के निवास पर जाने पर कार्यालय जाने को कहा गया, जहां पता चला कि वे भी ब्यावर में नहीं हैं। अंततः पुलिस उपाधीक्षक को शिकायत दी गई, लेकिन आरोप है कि सीटी थाने में मुकदमा दर्ज कराने के बजाय 'बुलाकर समझा देने' की बात कही गई।

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्रवाई और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने सरकारी आदेशों के तहत अपना कर्तव्य निभाया, लेकिन न तो प्रशासनिक संरक्षण मिला और न ही पुलिस का सहयोग।

उधर, इसी मामले में चीजा पत्थर से भरे ट्रैक्टर के मालिक/चालक द्वारा रेंजर अश्विनी पारीक को मोबाइल नंबर 9649952248 से फोन कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी सामने आया है। धमकी में अपशब्दों का प्रयोग करते हुए ट्रैक्टर से कुचल देने की बात कही गई।

घटना के बाद सवाल उठ रहा है कि यदि अवैध खनन पर कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को ही धमकाया जाएगा और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जब्त वाहन छुड़ा लिए जाएंगे, तो कानून का पालन कौन करवाएगा? क्या ऐसे हालात में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश संभव है?

# एसपी राजेश कुमार ने पलाई पुलिस चौकी का किया निरीक्षण

स्मार्ट हलचल

**उनियारा।** टोंक जिले के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने उनियारा उपखंड की पलाई ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नवनिर्मित पुलिस चौकी भवन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने भवन के प्रत्येक हिस्से का बारीकी से अवलोकन किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के पश्चात यह संकेत मिले हैं कि शीघ्र ही पुलिस चौकी भवन का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। भवन निर्माण पूर्ण होने पर अधिकृत संवेदक द्वारा इसे पुलिस विभाग को हैंडओवर करने की प्रक्रिया की जानकारी भी पुलिस अधीक्षक को दी गई।

गौरतलब है कि पलाई में पुलिस चौकी के संचालन से स्थानीय ग्रामीणों को सुरक्षा की बेहतर सुविधा मिलेगी और उन्हें अपनी शिकायतों के लिए दूर-दराज के थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही क्षेत्र में पुलिस की स्थायी तैनाती से आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। इस अवसर पर थानाप्रभारी कालूराम, एएसआई रतनलाल मीना, अधिकृत संवेदक, जीएसएस अध्यक्ष प्रधान गुर्जर, समाजसेवी श्योजीलाल धाकड़, गोलू गुर्जर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन, चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन



स्मार्ट हलचल

**उनियारा।** उपखंड के अलीगढ़ कस्बे में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कस्बे के बाला किला चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत करी। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद की सजीव झांकी सजाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला प्रमुख सरोज बंसल रही, वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रशासक साबिया बी द्वारा की गई। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मोनिका जैन व उनियारा भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ममता साहू उपस्थिति रही। जिला प्रमुख ने चिल्ड्रन पार्क का फिता काटकर उद्घाटन किया एवं पट्टिका का लोकार्पण किया। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा की बच्चो का शारीरिक विकास भी शिक्षा के साथ जरूरी है, युवाओं के चरित्र विकास से ही अच्छे राष्ट्र का निर्माण संभव है। गौरतलब है कि जिला परिषद मद से चिल्ड्रन पार्क का निर्माण हुआ है। पार्क का उद्घाटन होने से बालकों को स्वच्छ वातावरण में पार्क में लगे झूले फिसलन पट्टी सहित अन्य लाभ मिल सकेंगे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जफर खान, उपसरपंच प्रतिनिधि किशन सैनी, वार्ड पंच कैलाश सेन,महेन्द्र सोयल, सुनीत जायसवाल, समाज सेवी सुभाष चतुर्वेदी, रमेश शर्मा,हरपाल सैनी,लालू भाई, नरेश जैन मनोरंजन जांगिड़ विनोद जैन विष्णु बंडेला रामदयाल गुर्जर महेश केंडा सहित बड़ी संख्या में कस्बे के महिला पुरुष उपस्थित थे।

**भाया लगातार गांवों में पहुंचकर मतदाताओं को दे रहे है धन्यवाद**

# विधानसभा में उठाऊंगा जनहित के मुद्दों को -प्रमोद भाया

स्मार्ट हलचल|बारां

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अन्ता ओम सुमन मिर्जापुर एवं मण्डल अध्यक्ष नवनीत पंकज ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्ता विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया द्वारा लगातार अन्ता विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में पहुंचकर धन्यवाद यात्रा के माध्यम से मतदाताओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया जा रहा है। सोमवार को अन्ता विधायक प्रमोद जैन भाया द्वारा अन्ता तहसील के गांव ठीकरिया, दुगारी, धाकडखेडी, बमूलिया माताजी, मोहम्मदपुर, केथोडी, अमलसरा, नोहरा बरडिया, आम्बा, गुलाबपुरा एवं गोपालपुरा गांवों में पहुंचकर मतदाताओं का



धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों द्वारा गांवों में प्रमोद जैन भाया का फूल मालाओं, साफाबंदी एवं आतिषबाजी कर भव्य आत्मीय स्वागत सम्मान किया गया। भाया द्वारा बुजुर्गो के चरण वंदन किए तथा मंदिरों पर ढोक लगाई।

अन्ता विधायक प्रमोद जैन भाया ने कहा कि अन्ता विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने उनको विधानसभा उप चुनाव में विजयश्री दिलवाकर उनको जो विधायक पद की जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे तथा एक जनप्रतिनिधि होने के नाते वह विधानसभा सत्र के दौरान जनहित से जुडे मुद्दों को विधानसभा सदन में उठाकर उनके समाधान की सरकार से पूरी दमदारी से मांग करेंगे।

आज इन गांवों में जाएंगे भाया मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित करने- अन्ता विधायक प्रमोद जैन भाया मंगलवार द्वारा अंता विधानसभा क्षेत्र के गांव खान की झोपडिया, पलायथा, नागदा की झोपडिया, नागदा, लदवाडा, रायपुरिया, भोज्याखेडी, बिषनखेडी, रातडिया, अलीपुरिया एवं बालाखेडा में पहुंचकर मतदाताओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया जावेगा।

# राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा में बच्चों को किए शूज वितरण

स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट ब्लाक शिक्षा अधिकारी उनियारा के अधीन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुर में नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों को शूज वितरित किए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार चौधरी ने बताया कि यह सराहनीय पहल भामाशाह बिन्नी परिवार के विकास बैराठी के सहयोग से सम्पन्न हुई। वितरण कार्य में फीडिंग हैंड्स संस्था के पंकज जैन एवं टिम्मी सोनी का विशेष सहयोग रहा। प्रेरक एवं स्टेट अवॉर्डी नवाचारी शिक्षक दिनकर विजयवर्गीय (जय किशनपुरा) के माध्यम से ये शूज विद्यालय को प्राप्त हुए है। रतनपुरा विद्यालय के स्टेट अवार्डी शिक्षक बनवारी लाल सैनी ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से टोंक जिले के विभिन्न गांवों के सरकारी विद्यालयों में 1500 से अधिक शूज वितरण किया जा रहा है। जिसके तहत रतनपुरा के बच्चों को भी इसका वितरण किया गया है।कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से बाबू लाल नागर, पुष्पा गौड़, बाबू लाल मीना शिंभू दयाल व एसएमसी अध्यक्ष चौथमल नागर, उपाध्यक्ष शिवराज नागर एवम भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष आशाराम नागर सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर निकाला पथ संचलन



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** विद्या भारती द्वारा संचालित शहर के श्री लालचंद आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय भवानी मंडी व श्रीमती नंदू बाई शंकर लाल आदर्श विद्या मंदिर रामनगर के विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर भव्य पथ संचलन शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला। श्री लालचंद आदर्श विद्या मंदिर प्रधानाचार्य रामस्वरूप सोनी के नेतृत्व मे

संचलन आदर्श विद्या मंदिर से तीन भागों में प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से घोष की मधुर प्रस्तुति के साथ कदम से कदम मिलाते हुए पथ संचलन निकला जिसका नई सब्जी मंडी वैष्णो देवी मंदिर चौराहा पर त्रिवेणी संगम हुआ। संगम स्थल और मार्गो में संचलन का स्वागत शहर वासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

संगम स्थल से संस्कृत स्कूल चौराहा,चौथ माता मंदिर,टगर मोहल्ला होते हुए रामनगर नगर आदर्श विद्या मंदिर में समापन हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यवस्थापक सूरजमल नागर ने विवेकानंद जी की जीवनी पर व्याख्यान दिया और उनके द्वारा किए गए त्याग व समर्पण से अवगत कराया। इस दौरान राजेश शर्मा विद्यालय संरक्षक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में दिनेश कुमार शर्मा प्रधानाचार्य रामनगर, सुनील चौहान, मुकेश नाथ, कृष्णा गुप्ता, प्रकाश मेहर, विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों ने भाग लिया।

# महाप्रबंधक ने रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी बधाई

## रेलमंत्री ने पश्चिम मध्य रेल को ओवरऑल एफिशियंसी एवं बिक्री प्रबंधन शील्ड की शील्ड से किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल| कोटा

माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 70वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 के अंतर्गत शुक्रवार 09 जनवरी 2026 को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (यशोभूमि) द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में पश्चिम मध्य रेल को ओवरऑल दक्षता शील्ड (गोविन्द बल्लभ पंत) एवं बिक्री प्रबंधन शील्ड सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रदान की द्व पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय एवं अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री ने गोविन्द बल्लभ पंत शील्ड ग्रहण की और साथ ही बिक्री प्रबंधन शील्ड महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता ने प्राप्त की।

सोमवार 12 जनवरी 2026 को पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने ओवरऑल दक्षता शील्ड (गोविन्द बल्लभ पंत) एवं बिक्री प्रबंधन शील्ड प्राप्त होने की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों सहित सभी रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। जीएम ने रेल मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई शिल्डों की उपलब्धि पर विशेष रूप स्टोर विभाग के सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों के साथ अन्य सभी विभागों के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की भी सराहना की और आगे भी इसी तरह अन्य विभागों को मिलजुल कर इसी समर्पण, नवाचार और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए पश्चिम मध्य




रेल को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाते हुए नए आयाम स्थापित करेंगे।

ओवरऑल एफिशियंसी गोविन्द बल्लभ पंत शील्ड एवं बिक्री प्रबंधन शील्ड :- इस उपलब्धि के लिए पश्चिम मध्य रेल ने पिछले एक दशक में पूंजीगत व्यय-कैपेक्स में निरंतरता, स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 के कार्यान्वयन (कोटा मंडल में भारतीय रेल की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच 4.0' का देश में पहली बार सफल कमीशनिं), कटनी में भारतीय रेल का सबसे लंबा ग्रेड सेपरेटर में अप ग्रेड सेपरेटर का कार्य, वंदे भारत ट्रेन सेवाओं का स्पीड ट्रायल (कोटा मंडल में), ऊर्जा प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन सहित अन्य इन्फ्रास्ट्रचर कमीशनिंग, नई लाइनें बिछाने/दोहरीकरण/तिहरीकरण एवं रेल फ्लाईओवर, स्क्रैप बिक्री, यात्री सुविधाओं में विस्तार, रेल परिचालन, संरक्षा एवं सुरक्षा और तकनीकी नवाचार एवं रेल सेवाओं की शरुआत के साथ व्यापक कार्य किए गए हैं। इसके साथ डिजिटल तकनीक के उपयोग, स्टेशन पुनर्विकास, स्वस्थ्य एवं स्वच्छता पहल तथा अधोसरंचनात्मक निर्माण के माध्यम से पश्चिम मध्य रेल ने भारतीय रेल के कई श्रेणियों में अपनी सशक्त पहचान बनाई है।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री नीरज कुमार, मण्डल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री एम. विजय कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री अरविन्द कुमार रजक, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस. डी. पाटीदार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम. एस. हाशमी एवं सचिव महाप्रबंधक श्री जे. पी. सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com